चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 136, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 14 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# नौकरियों के लिए 'रेट कार्ड' के दिन गए: मोदी

## वर्तमान सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य की 'सुरक्षा' पर है : मोदी, नवनियुक्त 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरोधियों पर रेट कार्ड से युवाओं को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि नौकरियों के लिए रेट कार्ड के दिन गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य की सुरक्षा पर है। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार मेला वर्तमान सरकार की नई पहचान बन गया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भाजपा और राजग शासित राज्य भी नियमित रूप से इसी तरह के रोजगार मेले आयोजित कर रहे हैं। यह देखते हुए कि आजादी का अमृत काल अभी शुरू हुआ है, मोदी ने कहा कि यह उन लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण क्षण है जो सरकारी सेवा में शामिल हो रहे हैं क्योंकि उनके पास अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने में योगदान देने का अवसर है। मोदी ने भर्ती प्रक्रिया में परिवारवाद की राजनीति और भाई-भतीजावाद की बुराइयों के बारे में बात की।

प्रधानमंत्री ने नौकरी के लिए नकद घोटाले के मुद्दे पर प्रकाश डाला और इससे जुड़े विवरणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह हर जॉब पोस्टिंग के लिए एक रेस्त्रां में मेन्यू कार्ड के समान एक रेट कार्ड तैयार किया जाता था। उन्होंने नौकरियों के लिए भूमि घोटाले पर भी प्रकाश डाला, जहां देश के तत्कालीन रेल मंत्री ने नौकरी के बदले में जमीन का अधिग्रहण किया था और टिप्पणी की कि मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और अदालतों में लंबित है। प्रधानमंत्री ने ऐसे राजनीतिक दलों के युवाओं को चेताया जो वंशवाद की राजनीति करते हैं और नौकरी के नाम पर देश के युवाओं को लूटते हैं। मोदी ने कहा, एक तरफ हमारे पास राजनीतिक दल हैं जो नौकरियों के लिए रेट कार्ड पेश करते हैं, दूसरी तरफ यह वर्तमान सरकार है जो युवाओं के भविष्य की रक्षा कर रही है। अब देश तय करेगा कि युवाओं का भविष्य रेट कार्ड से चलेगा या सेफगार्ड से। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक दशक पहले की तुलना में भारत अधिक स्थिर, सुरक्षित और मजबूत देश है। उन्होंने उस समय को याद किया जब पहले के समय में घोटाला और जनता का दुरुपयोग शासन की पहचान थी। उन्होंने कहा, आज, भारत अपनी राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता है जो आज की दुनिया में बहुत मायने रखता है। आज भारत सरकार की पहचान एक निर्णायक सरकार के रूप में है। आज, सरकार अपने प्रगतिशील आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक एजेंसियां ईज ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में काम को स्वीकार कर रही हैं।

## मोदी सरकार ने 58 प्रतिशत ज्यादा नौकरियां दीः स्मृति ईरानी



**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए लगभग 70,000 नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 43 स्थानों पर किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि पिछली सरकार की तुलना में मोदी सरकार ने युवाओं को 58 प्रतिशत ज्यादा नौकरियां दी है। अब तक 8 लाख 80 हजार से ज्यादा नौकरियां युवाओं को मिली है। उन्होंने कहा कि अगर रोजगार मिलने के बाद कैरियर में वृद्धि करनी है तो हर क्षेत्र के बारे में जानकारी रखनी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी अपने ग्राहकों की लोन एप्लीकेशन को सिर्फ एक कागज का टुकड़ा न समझे । मध्यम वर्ग के लिए लोन का आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत होना, सपने के पूरे होने या टूट जाने जैसा होता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नौकरियों के माध्यम से सेवा का मौका मिलना महत्वपूर्ण है, सेवा किस जगह से की जाए यह महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भारत में निजी और सरकारी सेक्टर दोनों ही जगह नौकरियों के निरंतर नए मौके सृजित रहे हैं। बड़ी संख्या में युवा स्वरोजगार के लिए भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत सरकार 40 करोड़ लोन दे चुकी है। जिसमें से 27 करोड़ मुद्रा लोन महिलाओं को दिए गए हैं।

## अब युवा जॉब क्रिएटर बन रहे हैं: मोदी



**प्रधानमंत्री** ने अर्थव्यवस्था में रोजगार और स्वरोजगार के उभरते अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसे उपायों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब ये युवा जॉब क्रिएटर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का अभियान अभूतपूर्व है। एसएससी, यूपीएससी और आरआरबी जैसे संस्थान नई व्यवस्था के साथ ज्यादा नौकरियां दे रहे हैं। ये संस्थान भर्ती प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और आसान बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्ती के समय चक्र को 1-2 साल से घटाकर कुछ महीने कर दिया है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था में दुनिया के भरोसे को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा में उसके साथ साझेदारी करने को उत्सुक है। मोदी ने बताया कि देश में किए गए विदेशी निवेश से उत्पादन, विस्तार और नए उद्योगों की स्थापना और निर्यात को बढ़ावा मिलता है, जिससे रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि होती है। निजी क्षेत्र में रोजगार के लाखों अवसर सृजित करने वाली वर्तमान सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र का उदाहरण दिया जिसने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 6 .5 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है। उन्होंने उल्लेख किया कि विभिन्न देशों में यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और तिपहिया और दोपहिया वाहनों के बढ़ते निर्यात से भारत में ऑटोमोटिव उद्योग के विकास को देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन उद्योग जो दस साल पहले 5 लाख करोड़ रुपये का था।

## किसान-कल्याण योजना की राशि 6 हजार रुपये होगी : शिवराज



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में राज्य सरकार 4 हजार रुपये के स्थान पर अब 6 हजार रुपये की राशि प्रतिवर्ष किसानों को प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये प्राप्त होते हैं। इस प्रकार अब किसानों को मिलने वाली यह राशि 12 हजार रुपये वार्षिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार खाद-बीज के अग्रिम उठाव का तीन माह का ब्याज भी भरेगी। उन्होंने किसानों से कहा कि समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शीघ्र ही शुरू होगी। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजगढ़ जिले में आयोजित किसान-कल्याण महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 में 11 लाख किसानों के खाते में 2 हजार 123 करोड़ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44 लाख 49 हजार किसान के खाते में 2 हजार 900 करोड़, मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 70 लाख 61 हजार किसान के खाते में एक हजार 400 करोड़, इस प्रकार 6 हजार 423 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कैसी हो मेरी बहनों के आत्मीय संबोधन से अपना उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने रक्षा मंत्री का विशेष अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में महाशक्ति बनकर उभारने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एक समय था जब छोटे-छोटे राष्ट्र भारत को आंख दिखाते थे, अब प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली बना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के केंद्र सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण हुए हैं। आमजन भी आज उनका अभिनंदन कर रहे हैं।

**ट्रैक्टर धारक परिवार को भी लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगाः** मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना में अब ऐसे परिवार भी लाभान्वित होंगे, जहाँ ट्रैक्टर हैं। योजना के प्रावधानों में पूर्व में तय किया गया था कि चार पहिया वाहन जिस परिवार के पास है, उस परिवार की महिला सदस्य को योजना में पात्रता नहीं होगी।

## शाह ने आपदा प्रबंधन के लिए तीन योजनाएं की घोषित




**नई दिल्लीः** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आपदा प्रबंधन के लिए आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की है। यह घोषणा शाह ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन से संबंधित मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने, फायर ब्रिगेड सेवा को मजबूत करने और भूस्खलन शमन के लिए केंद्र सरकार राज्यों को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान करेगी।

शाह ने कहा कि राज्यों में अग्निशमन सेवा के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 5,000 करोड़ रुपये की परियोजना, शहरी बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सर्वाधिक जनसंख्या वाले सात महानगरों-मुंबई, चेन्नई, कोलकाता बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे के लिए 2,500 करोड़ रुपये की परियोजना, भू-स्खलन शमन के लिए 17 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में 825 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम शमन योजना तैयार की गई है।

## दिल्ली में भी होगी फूड ट्रक पॉलिसी

**नई दिल्लीः** न्यूयॉर्क, ऑस्ट्रेलिया और हांगकांग की तरह ही अब दिल्ली की भी अपनी फूड ट्रक पॉलिसी होगी। इसके तहत दिल्ली में रहने वाले लोग रात में भी विभिन्न लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। इस पॉलिसी के लागू होने से दिल्ली में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और दिल्ली की अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी 2023 को विस्तार से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया, जिसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पॉलिसी के तहत जिन स्थानों पर फूड ट्रक की व्यवस्था की जाएगी, वहां सज्जा और साफ-सफाई का खास तौर पर ध्यान रखा जाएगा। प्रारंभिक तौर पर दिल्ली के 16 स्थानों पर फूड ट्रक योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद इसे दिल्ली के अन्य स्थानों पर लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी पर ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में अर्थव्यवस्था एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बहुत जल्द दिल्ली सरकार फूड ट्रक पॉलिसी ला रही है। इसे आज एक बैठक के दौरान मंजूरी दी गई है। इस योजना से दिल्लीवासियों को दिल्ली में देर रात भी लजीज भोजन उपलब्ध हो पाएगा।

## चार महिला पहलवानों ने सौंपे बृजभूषण के खिलाफ साक्ष्य



**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली छह महिला पहलवानों में से चार ने दिल्ली पुलिस को ऑडियो, वीडियो के साक्ष्य उपलब्ध करा दिए हैं। साथ ही महिला पहलवानों ने दिल्ली पुलिस को व्हाट्स एप चैट भी सुबूत के रूप में सौंपे हैं। दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों से हाल ही में वह साक्ष्य सौंपने के लिए कहा था, जो उनके आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त हों। सूत्रों के अनुसार साक्ष्य मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने इन्हें खिलाड़ियों के आरोप को साबित करने के लिए अपर्याप्त बताते हुए और सबूत देने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि महिला खिलाड़ी अपने पक्ष में जितने साक्ष्य दे सकेंगे केस उतना ही अधिक मजबूत होगा। वहीं दो महिला पहलवानों ने अब तक कोई साक्ष्य नहीं दिया है। इधर बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन शोषण मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस को 15 जून तक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करनी है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में मीटिंग चल रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पिछले 15 दिनों से रोजाना इस मामले पर वरिष्ठ अधिकारी जांच टीमों से मीटिंग में रिपोर्ट ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और गृह मंत्री अमित शाह से पहलवानों की मुलाकात के बाद मामले की जांच में तेजी आई है। सूत्रों की मानें तो दिल्ली पुलिस के लिए इस मामले की जांच बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। कारण यह है कि 2012 से लेकर 2022 तक के दौरान की गई कथित तौर पर छेड़छाड़ के मामले में महिला खिलाड़ियों ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाए हैं। इस मामले में ठोस सुबूत का अभाव है।

## जैक डोर्सी सफेद झूठ बोल रहे हैं- अनुराग



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जैक डोर्सी के बयान पर कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और पारदर्शी लोकतंत्र है। भारत में जब भी चुनाव नजदीक होते हैं तो कुछ विदेशी ताकतें और यहां उनके एजेंट एक योजनाबद्ध तरीके से देश को अस्थिर व बदनाम करने के लिए सक्रिय होते हैं। जैक डोर्सी सफेद झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि ट्विटर के टेकओवर पर ट्विटर फाइल्स को लेकर उनके पक्षपात, छेड़खानी व दुर्भावना पर जो खुलासे हुए, उस पर आज तक उन्होंने जवाब क्यों नहीं दिया?


### 28 हजार मेगावाट के पार पहुंची बिजली की मांग तो चरमरा जाएगी व्यवस्था

## उप्र : बिजली की मांग बढ़ी, अब तक के सारे रिकार्ड ध्वस्त



**लखनऊ। भीषण** गर्मी के साथ ही बिजली की मांग भी लगातार नई ऊंचाइयों को छूती जा रही है। पिछले सारे रिकार्ड तो 11 जून को ही टूट गये लेकिन 13 जून को इसका आंकड़ा 27 हजार के पार चला गया। इससे बिजली विभाग के अधिकारियों की नींदे हराम हो गयी है। यदि मांग 28 हजार मेगावाट के पार चली गयी तो बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। यदि बिजली की अधिकतम मांग पर नजर दौड़ाएं तो इस वर्ष प्रदेश में 22 मई को 26 हजार 136 मेगावाट, एक जून को 23 हजार 833 मेगावाट, चार जून को 25 हजार 200 मेगावाट, आठ जून को 26000 मेगावाट, 10 जून को 26 हजार 131 मेगावाट और 11 जून को 26 हजार 672 मेगावाट बिजली की मांग रही। जबकि पिछले वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ते हुए अधिकतम मांग 26 हजार 589 मेगावाट रहा था। उस रिकार्ड को भी 11 जून की मांग ने तोड़ दिया। इसके बाद 12 जून को नया रिकार्ड कायम हुआ और प्रदेश में 27 हजार 384 मेगावाट बिजली की मांग रही और उसे भी पूरा करने में बिजली विभाग सक्षम रहा। इस समय अधिक मांग के कारण कहीं ट्रांसफार्मर जल रहे हैं तो कहीं बिजली ट्रीप करने की समस्या आ रही है। फिर भी बिजली विभाग व्यवस्था को सुचारू बनाने में जुटा हुआ है। राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा कहते हैं कि यदि मांग ऐसे ही बढ़ती रही तो आने वाले समय में परेशानियां बढ़ जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है ।

## भाजपा को मिलेंगी 300 से अधिक सीटें मोदी जी बनेंगे दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री : शाह



सुनहरे भविष्य की तैयारी वर्तमान में करने वाले भाजपा के प्रमुख चुनाव प्रचारक अमित शाह एक सच्चे दूरदर्शी हैं। आम चुनाव में करीब एक साल का समय बचा है लेकिन शाह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करने में निरंतर जुटे हुए हैं और देश भर में चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हैं। चिलचिलाती धूप का सामना करते हुए शाह देश भर में पार्टी नेताओं से मिल रहे हैं और कई सार्वजनिक रैलियों में भाग ले रहे हैंए जिसमें वह प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में एक मजबूत सरकार की वकालत और 300 से अधिक सीटों के साथ स्पष्ट व पूर्ण जनादेश का दावा कर रहे हैं। उम्मीद के मुताबिक कांग्रेस और उसके पूर्व सांसद राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ रहा है। एक अनुभवी प्रचारक के रूप में शाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस सरकार की चार पीढ़ियों के दौरान देश में गरीबी कैसे बनी रही। तमिलनाडु में शाह ने राज्य के लिए मोदी सरकार की उदारता पर प्रकाश डालते हुए स्टालिन सरकार पर तंज कसा। राज्य में द्रमुक .कांग्रेस सरकार की घोर विफलता की भाजपा नेता ने तीखी आलोचना की। उन्होंने वेल्लोर में कहाए तमिलनाडु के युवाओं के पास तमिल में परीक्षा देने का विकल्प नहीं था।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के पाली गांव में मंगलवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों व परिजनों ने उसे बाबूगंज स्थित एक स्थानीय चिकित्सालय में ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी डॉक्टर सुधीर यादव की पत्नी बंदना 20 मंगलवार शाम घर के पंखे के हुक से लटक कर फांसी लगा ली। डॉक्टर सुधीर का विवाह विगत दिसंबर माह में वंदना के साथ हुआ था। बंदना का मायका फूलपुर कस्बे में है। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक विवाहिता के मायके वाले मूलतः गाजीपुर के निवासी हैं जो यहीं आकर बस गए हैं।

### भूमिधरी जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**कोरांव।** तहसील कोरांव के ग्राम ताराव में तहसील कर्मियों की मिली भगत से भूमि धरी काश्तकार की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप शिवाकांत पांडे नामक कृषक ने लगाया हैं और तहसील तथा पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिवाकांत पांडे पुत्र शंकर लाल ने आरोप लगाया है की एसडीएम के आदेश के बावजूद भी विपक्षी भू अतिचारी गण जबरदस्ती मेरी भूमि में निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिसे एसडीएम कोरांव से तत्काल रोकवाने की मांग की है साथ ही उच्च स्तरीय अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए निर्माण कार्य रुकवाने तथा दोषी कर्मचारी और उनके सहयोगी सरहंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

**इफको सांस्कृतिक महोत्सव : सुरों पर थिरकते कलाकार...**

# कालबेलिया, बीहू व गोघल लोक नृत्य ने मोहा सबका मन

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** इफको में आयोजित 11वें अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन इफको मुख्यालय एवं विपणन की टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मुख्य अथिति निदेशक तकनीकी गोपाल कृष्ण गौतम ने कहा कि भारत की सांस्कृति विरासत जो आधुनिक जीवन शैली के कारण विलुप्त होती जा रही है, उसको जीवंत बनाए रखने में इफको अग्रणी भूमिका निभा रहा है है। उन्होंने बताया कि वह 30 वर्ष इफको फूलपुर में रहे है और फूलपुर इकाई तकनीकी क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया (इकाई प्रमुख) ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव पार्वती युगल नृत्य के साथ हुआ। इफको मुख्यालय की टीम ने मुगल सूफी शैली में कथक नृत्य प्रस्तुत किया जो 15 वीं सदी की भारतीय संस्कृति को दर्शा रहा था। कालबेलिया, बीहू और गोंघल जैसे लोक नृत्य भी प्रस्तुत किये गए जिसका लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके अलावा एकल गीत, समूह गान, नया घर शीर्षक आधारित लघु नाटक, नियत-ए-शौक भर न जाए कहीं पर गजल प्रस्तुत किया गया, कृष्ण रास पर आधारित सामूहिक नृत्य पर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। सबसे विशेष आकर्षण का केंद्र कथा श्रीराम



के जीवन पर आधारित नाटक रहा जो संक्षिप्त रामायण कथा को दर्शा रहा था। कार्यक्रम का संचालन एस.के.सिंह ने किया। मुख्यालय एवं विपणन टीम का नेतृत्व नलीन विकास ने किया जबकि पूजा, दिशा, अंक अंजलिदीप, सत्यम व अन्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक उपस्थित रहे, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री एस.के.बंसल, ऑल इंडिया इफको कर्मचारी संघ के महामंत्री बृजेश कुमार, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव एवं बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विवाहिता को मारकर फांसी के फंदे लटकाने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, मऊआइमा के ग्राम गदियानी सरैंया में बीती रात हुई घटना ससुराली फरार, सास को लिया हिरासत में**



**मऊआइमा।** दहेज कम मिलने पर विवाहिता को ससुरालियों द्वारा मार कर फांसी के फंदे पर लटका देने का आरोप लगाते हुए विवाहिता के भाई ने थाने में पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। सूचना पर पहुची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।जनपद प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के मल्हूपुर गांव निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय नोखेलाल यादव ने अपनी बहन उमा देवी की शादी पांच वर्ष पूर्व मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदियानी सरैंया निवासी अतुल कुमार यादव पुत्र भोलानाथ के साथ किया था। जिससे एक दो वर्ष की पुत्री हर्षिता तथा तीन वर्ष का पुत्र तेजस हैं। संतोष कुमार यादव के मुताबिक शादी के बाद ही कम दहेज लाने का उसकी बहन को ससुराली ताना देते रहे हैं। कम दहेज के खातिर बीती रात उसकी बहन को मार कर ससुरालियों ने फांसी के फंदे पर लटका दिए। संतोष कुमार यादव ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें मंगलवार को बहन उमा देवी के पडोसी ने फोन से सुबह दिए। जहां उसकी बहन को फांसी के फंदे पर लटकाया गया था। वहां बहन की चूड़ियां टूटी हुई थी। बहरहाल इसकी सूचना मऊआइमा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। तथा मृतका के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों मासूम बच्चों को लेकर अन्य ससुराली फरार हो गए हैं। संतोष कुमार ने मऊआइमा थाने में मृतक बहन उमादेवी के पति अतुल कुमार ,ससुर भोलानाथ , सास अज्ञात ,देवर बबलू यादव ,देवरानी नाम अज्ञात, देवर ननके यादव ,ननद सुधा यादव के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस सास सहित अन्य को हिरासत में लेकर ससुरालियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी।

# दो दिवसीय जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षित किए गए प्रधान एवं सचिव






अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रधानों सहायकों एवं ग्रामीणों को दो दिवसीय ब्लॉक मुख्यालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया यह परियोजना भारतीय संविधान के 73वें संशोधन को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है परियोजना का निर्धारण गांव स्तर से ही होगा इससे गांव के लोगों को पूरी भागीदारी होगी यह परियोजना भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रत्येक गांव में हर घर के लिए चलाई गई तथा इस मिशन का मुख्य उद्देश हर घर जल पहुंचाने का है जल जीवन मिशन को अपने गांव में लागू करने के लिए ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकता के अनुसार ग्राम कार्ययोजना बनानी होगी इस परियोजना के माध्यम से प्रत्येक घर को एक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के जरिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है सोमवार एवं मंगलवार को? दो दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित जल जीवन मिशन शिवाकांत द्विवेदी जल जीवन मिशन के जिला सहायक, एवं मीना शुक्ला जल जीवन मिशन कोऑर्डिनेटर द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया उपस्थित प्रमुख लोगों में सूरज निषाद राकेश सिंह नारायण दुबे शिवाकांत द्विवेदी प्रभाकर मौर्य संगीता पटेल बीना पटेल संगीता देवी अनारकली सविता मौर्या सूरज अमरीश मौर्य बृजभषण प्रधान प्रतिनिधि अमित कनौजिया ग्राम पंचायत देवरी सचिव कमल सिंह अमरेश सिंह सचिव संजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी व क्षेत्र के गणमान्य लोग प्रधान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नकली धान के बीजों से सज गईं दुकानें

**लेडियारी।** लेडियारी क्षेत्र में कुछ निजी दुकानदार बगैर शोधित नकली बीजों को नामी कंपनियों के पैकेटों में बंद करके बेच रहे हैं। अधिकांश किसान सरकारी योजनाओं के बारे में नहीं जानने पर इनके चक्कर में पड़ जा रहे हैं। इससे आने वाले समय में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि पिछली बार उन्होंने निजी दुकानों से धान के बीज लेकर बेहन डाला उसमें से 60 प्रतिशत बीज अंकुरित ही नहीं हुए। इससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। पिछड़ रही धान की नर्सरी को देख मजबूरन लेडियारी बाजार से दुकान दारो के विश्वास पर धान की बीज को लेजाकर नर्सरी को डालते हैं। ग्रामीण इलाकों व कस्बों में कई दुकानों पर अप्रमाणित बीज बेचे जा रहे हैं। इन सबसे अनजान कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसर कोई कार्रवाई करने से कतराते हैं ।कीटनाशक बेचने का लाइसेंस है, बीज बेच रहे है। कोरांव तहसील क्षेत्र के कई बाजारों में फल-फूल रहा धंधा कृषि विभाग मौन धान, बाजरा और सब्जियों के बीज महंगे दामों में बेचे जा रहे हैं। कोरांव गोदाम प्रभारी उदय सिंह ने बताया कि गोदाम से बीज खरीदने पर अनुदान की राशि उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी गोदामों पर पर्याप्त मात्रा में बीज मौजूद है। फसल 120 से 130 दिनों में तैयार हो जाती है। लेडियारी, कैथवल, खीरी, दुकानों पर नकली खाद, बीज विक्री की सूचना मिल रही है।




# शुआट्स में रंगोली प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारत की जी20 अध्यक्षता के उपलक्ष्य में जनभागीदारी गतिविधियों के तहत शुआट्स में जी20 पर रंगोली और पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ टीचर एजुकेशन विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आकर्षक रंगोली के साथ-साथ विभिन्न विषयों जैसे शिक्षक-छात्र संबंध, लिंग संवेदीकरण और मानसिक-कल्याण आदि के चित्रों की प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की। विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन डॉ समाला मसीह ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ टीचर एजुकेशन विभाग ने छात्रों, शिक्षकों, माता-पिता / अभिभावकों के बीच जी-20, एनईपी और एफएलएन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया है। रंगोली प्रतियोगिता में आरती पांडे ने प्रथम, ज्योति निषाद ने द्वितीय व पलक केसरवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में डॉ. कीर्ति कटिंग, डॉ. प्रेम प्रभा, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. निहारिका डेनिस, डॉ. सैयदा सारा अजीज, डॉ. अनुपमा मेहता, डॉ. एविस चिंतामणि, डॉ. संगीता अल्फ्रेड, पूजा सोनपाकर आदि शामिल थीं।

# रेलवे ट्रैक पर नाबालिग की लाश मिलने की सूचना पर हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**मां सरोजा देवी ने गांव के दो युवकों पर आरोप लगाया है की रात में बेटी के फोन पर बगल के शन्नी का फोन आने के बाद मेरी बेटी गायब हुई और सुबह उसकी निर्वस्त्र लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है**



**जंघई।** असवां और गरियांव गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक नाबालिग की लाश की सूचना पर पहुंची जंघई चौकी पुलिस ने मामला मुंगरा बादशाहपुर पुलिस का बताते हुए मुंगरा पुलिस को अवगत कराया। जांच में पता चला की गरियांव गांव की नाबालिग रिंकी देवी (14) पुत्री घनश्याम गौतम सोमवार की रात्रि में ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पिता की दो वर्ष पूर्व मौत हो गई थी तथा भाई की दिमागी हालत ठीक नहीं बताया जा रहा है बहन पिंकी व माता सरोजा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मां सरोजा देवी ने गांव के दो युवकों पर आरोप लगाया है की रात में बेटी के फोन पर बगल के शन्नी का फोन आने के बाद मेरी बेटी गायब हुई और सुबह उसकी निर्वस्त्र लाश रेलवे ट्रैक पर मिली है। परिजनों के तहरीर पर मुंगरा बादशाहपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी गई है।

# मनरेगा मजदूरी में प्रधान पर कमीशन लेने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**डीएम सीडीओ समेत एसडीएम से हुई शिकायत, चारागाह की जमीन पर पीएम आवास बनवाने की भी शिकायत**

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव में इन दिनों मनरेगा मजदूरी के भुगतान में जमकर लूट का खसोट व बंदरबांट मची हुई है। खजूरी कला गांव के ग्राम प्रधान पर मनरेगा मजदूरी में कमीशन लेने की शिकायत डीएम सीडीओ समेत एसडीएम से की गई है। शिकायत कताओं ने ग्राम प्रधान पर चारागाह की सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास बनवाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता संगम लाल यादव व अखंड प्रताप यादव ने बताया है कि गांव के वास्तविक श्रमिकों के बजाय बड़े काश्तकारों एवं बड़े लोगों को फर्जी तरीके से मनरेगा मजदूरी के नाम पर भुगतान कर 50% सीधे कमीशन ग्राम प्रधान द्वारा लिया जा रहा है। शिकायत कताओं का आरोप है कि वास्तविक श्रमिकों को काम भी नहीं मिलता है। बगैर काम के ही बड़े लोगों के जॉब कार्ड पर पैसा भेज कर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। शिकायतकर्ता अखंड प्रताप ने उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि चारागाह गाटा संख्या 380 रकबा 2.371 हेक्टेयर पर मनमाने तरीके से प्रधानमंत्री आवास बनवा दिए जा रहे हैं और अवैध अतिक्रमण भी है अवैध अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। मनरेगा मजदूरी के भुगतान में अधिकांशतः गांवो में लूट खसोट मची हुई है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। इसी प्रकार ग्राम समाज की जमीनों पर अतिचारियों का अनाधिकृत कब्जा है। राजस्व विभाग के अधिकारियों के ढुलमुल रवैया के कारण शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे लगातार जमीनी विवादों में बढ़ोतरी हो रही है। इसके बाबत जब खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि श्रमिकों को किसी भी प्रकार का कोई कमीशन देने की जरूरत नहीं है। अगर ऐसी शिकायत की गई है तो मामले की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के स्वागत के लिए किए गए जनसंपर्क



**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में 20 जून को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को लेकर रथ यात्रा मार्ग पर रहने वाले व्यापारियों से एवं स्थानीय नागरिकों से रथ यात्रा के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा के लिए एवं जगह-जगह में प्रसाद वितरण के सहयोग को लेकर ट्रस्ट के कार्यकर्ता पदाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से जनसंपर्क किया। इस अवसर पर रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद, सहसंयोजक राजेश केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, अजय अग्रहरि ,शत्रुघ्न जायसवाल, ने राम भवन ,मुट्ठीगंज, गोलघर मुट्ठीगंज, बहादुरगंज, सुलाखी चौराहे पर भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के स्वागत हेतु व्यापारियों से संपर्क किया।

### आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए नेताओं ने कसी कमर लगाया चौपाल



**बारा।** विकासखंड जसरा के ग्राम पंचायत गुजरात अरहर में क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य एकत्रित होकर गांव में होने वाले विकास कार्य को लेकर चिंतन एवं मंथन किया जिसने क्षेत्र के भाजपा नेता ज्योतिषाचार्य अधिवक्ता हरि कृष्ण शुक्ला मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान ओम क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गांव में होने वाली समस्याओं को अवगत कराया सरकारी योजनाओं में हो रही धांधली को लेकर काफी चर्चा हुई बैठक में प्रधान उमाशंकर, मिश्र रामकरण, शंकर लाल पांडे सहित उपस्थित कार्यकर्ता एवं प्रधानों ने क्षेत्र में ज्वलंत पानी की समस्या को लेकर चिंतन किया सभी समस्याओं को सुनने के बाद आचार हरीकृष्ण ने कहा कि सभी संबंधित समस्याओं को क्षेत्र के मंत्री एवं अधिकारियों से मिलकर समाधान कराया जाएगा बैठक में उपस्थित, जितेंद्र मणि त्रिपाठी, होरीलाल केसरवानी, गोपाल पांडे नरेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं को उनके अधिकार से कराया रूबरू



**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महोरी रीवा में करछना थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत दी गई वृस्तृत? जानकारी इस अभियान के मुख्य संयोजक करछना थाना के यस आई प्रभारी अखिलेश राय एवं ग्राम पंचायत महोरी रीवा के प्रधान राजकुमार पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के तहत सरकार द्वारा चलाई गई कई योजनाएं महिलाओं को सुरक्षा प्रदान जागरूकता से रूबरू कराया गया इस मौके पर पुलिसकर्मियों में मानसी सिंह सोनी, हरिशंकर मिश्र ,अनुभव सिंह,सरोज कुशवाहा,भानू देवी,शिवा देवी, सविता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गांव की लड़कियों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# सोमदत्त सिंह पटेल बने समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष, कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने दी बधाई



**रत्योरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा विधानसभा कोरांव में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य को विधानसभा अध्यक्ष कोरांव की जिम्मेदारी दिए जाने पर सपाइयों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि जिस तरह से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक किसान के बेटे को पार्टी में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उसका इमानदारी से निर्वहन करुंगा और क्षेत्र के जनता के साथ-साथ पार्टी कार्यकताओं के मान और सम्मान के लिए हर संभव संघर्ष के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व जिला सचिव राजेश पांडेय ने नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि जुझारू और संघर्षशील नेता को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यकताओं को एक मजबूत नेता मिला है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संदीप पटेल विधायक, योगेश चंद्र यादव, कृष्णमूर्ति यादव, रक्षा मंत्री यादव, मेहताब खान नगर अध्यक्ष, रविंद्र जैसल प्रधान, पूजा चतुर्वेदी, पवन सोनकर, नीरज सिंह पटेल, दीपक पटेल, यादवेंद्र अहीर, दिनेश पटेल, राजेश यादव, अश्वनी पटेल, रामानुज यादव प्रधान संघ अध्यक्ष, मंगला कोल, सुमन कोल, मंगल देव कोल, रामदेव निडर कोल, शहादत अली, लालजी पाल निराला, हरिप्रसाद पाल, अखंड प्रताप भास्कर, गुलफाम खान, दीपू कुशवाहा, अजय सिंह पटेल, अजीत सिंह, बंसराज यादव, धर्मराज पटेल, सुनील राणा, भोला सिंह पटेल, लाल प्रताप यादव, मुरारी यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### अनुज मिश्रा को सचिव बनाए जाने पर सपाइयों में हर्ष

**शंकरगढ़।** समाजवादी पार्टी की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा मंगलवार को की गई, जिसमें कई सपा कार्यकताओं को नई जिम्मेदारी दी गई है। सपाइयों की नई कार्यकारिणी में शंकरगढ़ क्षेत्र के गोबरा हेवार निवासी अनुज मिश्रा को सचिव का पद दिया गया है जिससे स्थानीय कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने मंगलवार को सपा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। जिला कार्यकारिणी में जहां जनपद के कई लोगों को नवीन जिम्मेदारी दी गई वहीं शंकरगढ़ क्षेत्र के अनुज मिश्रा को सचिव बनाया है। कार्यकताओं ने अनुज मिश्रा का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालो में अंकित कुमार पाल, गुड्डा मिश्रा, कामद प्रताप सिंह, राज करन सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, शिव नारायण पटेल, अर्जुन सिंह पटेल, मुलायम सिंह यादव, सूरज यादव, अनीश खान, बबलू मिश्रा, अरविंद सिंह, विकाश यादव, बृजेश यादव, शिवाकांत यादव आदि कार्यकर्ता रहे।

# भाजपा संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार का संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन लक्ष्मी कांत उपाध्याय जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा गंगापार की अध्यक्षता में किया गया। संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल एवं मुख्य वक्ता फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी के 9 साल के कार्यकाल को देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। चाहे वह सुशासन का क्षेत्र हो, सेवा का क्षेत्र हो, विकास का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। सरकार का उद्देश्य गांव, गरीब, मजदूर, शोषित, वंचित, समाज के उत्थान का लक्ष्य प्राप्त करना है। इस संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित सभी मोर्चो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फुजैल अहमद उर्फ सचिन अहमद एवं संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन पटेल ने किया। कार्यक्रम को भाजपा गंगापार जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी, जिला महामंत्री जीतलाल त्रिपाठी एवं मनोज निषाद, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष कुमार भारतीय, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ईश्वर चन्द्र बिन्द, आलोक कुमार गुप्ता, पवन कुमार शुक्ला, दिलीप निषाद, भूपेंद्र मिश्रा, काशीनाथ दुबे, मुकेश कुमार दुबे, राजेश कुमार सरोज, श्रीकांत तिवारी मनोज, रूपम त्रिपाठी, शकुंतला शुक्ला, साधना तिवारी, रीता राज, संजू शुक्ला, रीना सिंह, ललिता पटेल, अनिल जायसवाल, पुष्पा प्रजापति, आत्मा धर दुबे, सूरज प्रसाद शुक्ला, पवन पांडे, सूरज पासी, पिंटू अग्रवाल, टी एन सिंह एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रभाव जागा तो साकार होगा अखंड भारत का सपना: रामकुमार वर्मा

## गौहनिया के वात्सल्य परिसर में आयोजित हुआ संघ शिक्षा वर्ग का समापन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) के सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार वर्मा ने कहा, राष्ट्रसेवा की भावना ही राष्ट्रीय समस्याओं से निजात दिलाएगी। यदि राष्ट्र का भाव जाग जाए तो राष्ट्र को कोई मिटा नहीं सकता। हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र भाव का जागरण करना संघ का महत्वपूर्ण कार्य है।रामकुमार वर्मा ने कुटुंब प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव, नागरिक शिष्टाचार पर बल देते हुए कहा, वह दिन दूर नहीं जब अखंड भारत का सपना भी साकार होकर रहेगा। देश के भीतर की कुछ नापाक शक्तियां गजवा-ए-हिंद को चोरी-छिपे समर्थन देकर राष्ट्र को कमजोर करने की फिराक में हैं, ऐसी ताकतों से देशवासियों को सावधान रहने की जरूरत है। यमुनापार के वात्सल्य परिसर (गौहनिया) में संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष (सामान्य) के समापन समारोह के चीफ गेस्ट सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार वर्मा प्रशिक्षणार्थियों एवं नागरिकों को



संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव के दौरान पूरे देश भर में संघ ने राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसे वीर सपूतों की याद देशवासियों को दिलाई, जिन्हें इतिहास के पन्नों से मिटा दिया गया था।उन्होंने देशवासियों को आगाह किया कि देश के भीतर की कुछ शक्तियां गजवा-ए-हिंद जैसे अभियान को चोरी-छिपे अपना समर्थन दे रही हैं, इससे सावधान रहने की जरूरत है। देश में बढ़ रहे इसाई मतांतरण, लव जिहाद अप संस्कृति के बढ़ते प्रयोग, स्व भाषा के प्रति सम्मान की कमी, लिव इन रिलेशन, समलैंगिकता से भी देश कमजोर हो रहा है। समय रहते देशवासियों को जागरूक होकर इसका प्रतिकार करना होगा। इससे देश कमजोर हो रहा है। केक काट कर बर्थडे मनाना टाई बांधना, नाम पट्टी अंग्रेजी में लिखना छोडना पडेगा।जूठे बेर खाकर केवट को गले भी लगाना होगा रामकुमार वर्मा ने कहा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भाव के जागरण, नागरिक कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण जैसे उपायों से इस राष्ट्र को सशक्त एवं सुदृढ़ किया जा सकता है। संघ के स्वयंसेवकों को इन उपायों का अवलंबन करना होगा। इसी




से नष्ट होती मर्यादाओं को बचाया जा सकता है। राम बनकर सबरी के जूठे बेर खाकर केवट को गले लगाना होगा, तब हिंदू समाज मजबूत होगा। स्वदेशी, स्वभाषा स्वभूषा का अभिमान जरूरी है। नागरिक शिष्टाचार किसी राष्ट्र की मजबूती है, तभी समान नागरिक संहिता लागू हो सकेगी। इसके अनुपालन से अखंड भारत का सपना साकार हो? सकेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. केशर मुकुल शरद सुदावणे ने कहा कि संघ राष्ट्र को सर्वोपरि समझता है। आपने जीवन की शिक्षा प्राप्त की है। इसके लिए आप सभी को बधाई। नागपुर की पवित्र भूमि मेरा गृह जनपद है। वर्ग में आकर मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहा हूं। मंच पर प्रांत संघ चालक डा. विश्वनाथ लाल निगम, वर्ग अधिकारी सीताराम केसरी, विभाग संघचालक प्रो. केपी सिंह मौजूद रहे।

### प्रदक्षिणा संचलन, सामूहिक समता, दंड का प्रदर्शन

इसके पूर्व समारोह के शुभारंभ में भगवा ध्वज का ध्वजारोहण हुआ और सामूहिक संघ प्रार्थना के साथ अनुशासन बद्ध स्वागत प्रणाम हुआ। वर्ग में पिछले 23 मई से शिक्षण प्राप्त कर रहे गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से प्रत्युत्प्रचलनम, प्रदक्षिणा संचलन, सामूहिक समता, दंड, दंडयोग, दंड प्रहार पदविन्यास नियुद्ध, योग आदि का समवेत आकर्षक प्रदर्शन किया। वर्ग गीत के बाद अतिथि परिचय एवं वर्ग वृत्त वर्ग कार्यवाह घनश्याम ने प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन वर्ग व्यवस्था प्रमुख राकेश सेंगर अमृत वचन मधुरम एवं आशुतोष जी तथा एकल गीत चंद्रभूषण ने प्रस्तुत किया। ध्वजावतरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सांसद रीता बहुगुणा जोशी, मेयर गणेश केसरवानी, पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी विधायक डा. वाचस्पति, जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती, डा. कृतिका अग्रवाल, गंगा समग्र के राम आशीष, सहप्रांत संघचालक अंगराज, सहप्रांत कार्यवाह प्रो राजबिहारी, प्रांत प्रचारक रमेश, सह प्रांत प्रचारक मुनीश, प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख संतोष कुमार, सह विभाग प्रचारक प्रयाग नितिन, डा. मुरारजी प्रांत प्रचार प्रमुख काशी प्रांत चारुमित्र, संघ चालक यमुनापार सुरेंद्र नारायण, सह संघ चालक विनोद, जिला प्रचारक आलोक, आशुतोष जी,ओम प्रकाश, सूर्यकांत आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू: छोटे कपड़े, जेवर पहनने वालों को नो इंट्री, शालीन रहने की नसीहत




**प्रयागराज।** देशभर के मंदिरों में शुरू हुआ ड्रेस कोड लागू करने का ट्रेंड अब प्रयागराज भी पहुंच गया है। यहाँ मनकामेश्वर मंदिर में पहुंचने वाली महिलाओं के लिए गाइड लाइन तय की गयी है। श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से द्वार पर ही होर्डिंग लगवा दिया गया है प्रबंधन ने महिलाओं व युवतियों को छोटे और भड़कीले कपड़े पहन कर मंदिर में प्रवेश करने से माना किया है। इसके साथ ही कहा गया है की छोटे कपड़े पहनने पर उन्हें प्रवेश नही दिया जाएगा। इसके बाद महिलाओं को कहा गया है की वह पूरा तन ढक कर शालीन कपड़ों में मंदिरों में प्रवेश करें। मंदिर में कानून व्यवस्था को देखते हुए महिलाओं से ज?यादा जेवर पहन कर मंदिर आने से माना किया गया है। इन्हें कहा गया है की ह्यइससे छिनैतीह्न का ड़र होता है। इसके साथ सेल?फी लेने पर भी पाबंदी लगायी गयी है। शालीनता वाला नियम पुरुषों पर भी लागू किया गया है। मंदिरों के इस कदम का संत समाज ने स्वागत किया है।

### जल जीवन मिशन के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण




**सोरांव।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में मंगलवार को दो दिवसीय राज्य पेय जल एवम स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश सरकार के बैनर तले मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड जल को संरक्षण के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवकों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण दिलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप पासी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने व्यक्तव्य में जल जीवन मिशन के तहत सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों सहित समाज सेवियों को जागरूक किए। इतना ही नहीं सभी को किट भी वितरित किया गया। एडीओ पंकज गिरी ने कहा के ग्रामीणों को हर घर नल जल की व्यवस्था के लिए 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री ने यह योजना लागू की सरकार का लक्ष्य है कि सन 2024 तक हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचे और पानी के लिए मचा हाहाकार खत्म हो सके। इस उद्देश्य को पूर्ण करना संस्था की जिम्मेदारी है। जल जीवन मिशन के ट्रेनर ओमप्रकाश ने ग्राम पंचायत स्तर पर सभी को अपनी-अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी बताया। प्रशिक्षण का कार्यक्रम मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड द्वारा किया गया। जिसमे उपस्थित सभी लोगों को नाश्ता, पानी के साथ डायरी, बैग, पेन सहित अन्य सामग्री वितरित किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अभिषेक शुक्ला, शिवाजी राठौड़,सुशील कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार,नरेंद्र सिंह, सुनीता मौर्य,रिचा सिंह,राजीव मौर्य,मुकेश मौर्य,अंकित मौर्य,मोहम्मद साकिब,मिथलेश मिश्रा,अजय यादव,लाल प्रताप यादव, ऋतु प्रिया, सफाई कर्म चारी अध्यक्ष अनिल सिंह, बनवारी लाल, सुनील कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद यादव, गिरीश मौर्य, ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष सोरांव लल्लन पासी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से तीन सगे भाइयों की गृहस्थी जलकर खाक



**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हथसरा के मजरा पोतनिहा में मंगलवार दोपहर घर के बगल से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चिंगारी से पेड़ में आग लगने से पास स्थित तीन सगे भाइयों का आशियाना जलकर पूरी तरह खाक हो गया आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर लगाई गई थी तब जाकर आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक तीनों भाइयों का घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया था। गांव के प्रधान शिव गणेश पटेल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा दिलाया पीड़ित परिवारों में लक्ष्मी कांत, श्याम बाबू, विद्या धर पुत्र राम मनी पटेल के घर में लगी आग से लाखों रुपए का नुकसान कपड़े, बर्तन,अनाज, आभूषण नगदी आदि सब जल कर खाक हो गया,

### शरारती तत्वों ने मार पीटकर बांस के कोठ में लगाई आग

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के गदयानी गांव में घर घुस मारा पीटा गया । बाद में बांस की कोठ में शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर दमकल विभाग ने बड़ी मशक्कत से आग को काबू में पाया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के गदयानी गांव निवासी मुन्ना लाल मौर्या पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल का आरोप है कि रंजिशन उसके पडोसी पहले घर में घुस कर मारे पीटे एंव जान से मारने की धमकी देते हुए उसके बांस के कोठ में आग लगा दी। जब तक दमकल विभाग किसी तरह आग पर काबू पाता उसके सौ बांस और आम महुआ के पेड़ झुलस गए। मुन्नू लाल मौर्या ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही छोटू, दारा पुत्रगण अनिल कुमार तथा अनिल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सपा द्वारा ननकेश बाबू विधानसभा अध्यक्ष करछना घोषित



**करछना** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव के निर्देश पर यमुनापार प्रयागराज के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की संस्तुति पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मा. नरेश उत्तम पटेल ने वरिष्ठ समाजवादी नेता ननकेश बाबू को 260 विधानसभा करछना का अध्यक्ष नामित किया है। जनपद में समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं में खुशी की लहर छा गई हैं। प्रदेश नेतृत्व द्वारा विधानसभा अध्यक्ष पद पर नामित होने पर डा० मान सिंह यादव (सदस्य विधान परिषद), लाल बिहारी यादव (शिक्षक विधायक) संदीप पटेल विधायक मेजा, जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तखार हुसैन, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रयागराज योगेश यादव, दूधनाथ सिंह पटेल, जयशंकर भारती, सर्वेश यादव सहित पूरे जनपद के समाजवादियों ने शीर्ष नेतृत्व के दूरदर्शी कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा समाजवादी पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के हित में लिया गया निर्णय करार दिया है।

### प्रीमियम प्ले स्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन



**नैनी।** नैनी आई किड्ज भारत में बच्चों के लिए 2-5 वर्ष की आयु वाले प्रीमियम प्लेस्कूल की एक श्रृंखला है जिसकी एक शाखा नैनी बाजार स्थित केदारनाथ पंजाबी के बगल में संचालित की गई है जिसका उद्घाटन वाचस्पति विधायक बारा प्रयागराज द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्थापिका उमा आर्या पत्नी सन्तोष कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही यह स्कूल वृत्तिमत्र से सुसज्जित होते हैं जो एग्रीगेटेड रियलिटी-एनेबल्ड फ्लैशकार्ड और टैबलेट के साथ सुसज्जित होते हैं, जो अधिक से अधिक बच्चों को एक आनंदमय अनुभव प्रदान करते हैं आईकिड्ज मोबाइल ऐप आरएफआईडी के माध्यम से स्मार्ट उपस्थिति, इवेंट अपडेट और लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करता है।

# प्रयागराज मंडल के अपर आयुक्त की मिली लाश

**घर से सुबह टहलने के लिए निकले थे, दो महीने पहले पत्नी की हुई थी मौत**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मंगलवार सुबह में टहलने निकले अपर आयुक्त सुनील कुमार मिश्र नगर के कीडगंज क्षेत्र स्थित एक कब्रिस्तान के पास मृत पाए गए। उनकी बीमारी से मौत की आशंका जताई जा रही है। वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी की मौत की सूचना पर आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। कीडगंज पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। दो डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच उनके शव का पोस्टमार्टम किया। उनका बिसरा प्रिजर्व किया गया है।मूलतः अयोध्या जनपद के जलालपुर इलाके के रफीगंज ढकवा गांव निवासी सुनील कुमार मिश्र (58) पुत्र ओम प्रकाश मिश्र वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अफसर थे। वह अभी तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज में उप सचिव के पद पर तैनात थे। लगभग तीन हफ्ते पहले ही उनकी नियुक्ति अपर आयुक्त द्वितीय प्रयागराज मंडल के पद पर हुई थी। वह परिवार के साथ मेडिकल कालेज चौराहे के पास पीडब्ल्यूडी कालोनी में मिले सरकारी आवास में रहते थे।सुनील कुमार मिश्र की पत्नी शीला मिश्रा एसआरएन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। करीब दो माह पहले बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। इसके बाद से ही वह काफी अवसाद में थे। शुगर और ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर बीमारी भी उनको थी। उनके निधन से बेटे उत्कर्ष और बेटी साक्षी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। दोनों प्रयागराज में रहकर सिविल सेवा की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# इलाहाबाद लोकसभा का लाभार्थी सम्मेलन नैनी मे सम्पन्न, उमड़ा लाभार्थियों का हुजूम

**अखंड भारत संदेश**

नैनी। नैनी मोदी जैसा प्रधानमंत्री योगी जैसा मुख्यमंत्री और रीता जोशी जैसा सांसद मिलना सौभाग्य की बात है। आपके द्वारा कमल का बटन दबाने से किसानों को सम्मान निधी मिलने लगी, 80 करोड़ गरीबों को राशन, शौचालय, आवास, उज्जवला कनेक्शन, पांच लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं इतना ही नहीं आपके द्वारा कमल का बटन दबाने से धारा 370 गायब हो गई, विहार मे तो पंजा छूने से खून लग जाता है। प्रयाग का दिव्य और भव्य कुंभ से प्रयाग का गौरव और सम्मान देश दुनिया में बढ़ गई बोट ईमान होता है, मै मुसलमान हूं पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है पर बोट देगे तो विकास सभी का होगा, विना भेदभाव होगा। अगर हम साम्प्रदायिक होते तो इस सम्मेलन में इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं नही होती, मोदी-योगी सरकार की जितनी योजनाएं बनाई विना भेदभाव

**चिंता मत कीजिए लिखी जो स्याही से वो तहरीर बदल देंगे, योगी मोदी आपके चेहरे के हर मायूसी की तस्वीर बदल देंगे-शाहनवाज हुसैन**



गरीबों के लिए बनाई। "चिंता मत कीजिए लिखी जो स्याही से वो तहरीर बदल देंगे,योगी मोदी आपके चेहरे के हर मायूसी की तस्वीर बदल देंगे उक्त बातें भारत सरकार के पूर्व मंत्री भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने इलाहाबाद लोकसभा के बारा-करछना के लाभार्थियों के सम्मेलन को मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर सम्बोधित करते हुए मंगलवार को श्रीराम बाटिका नैनी मे कही। उन्होंने आग कहा कि दुनिया के बड़े बड़े देश आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर रहे है।अब तो कुछ राष्ट्राध्यक्ष मोदी जी के चरणों मे झुककर सलाम करते हैं। लाभार्थियों से कहा जो भरोसा कायम रखा, उसको कायम रखिए योगी मोदी विना जाति धर्म के विना भेद भाव के सभी कार्य करते हुए अपने आप को खपा दिया। सांसद इलाहाबाद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने मुख्य अतिथि को बुकें अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत करते हुए कहा मोदी सरकार मे विगत 9 मे वर्षो मे एक भी भ्रष्टाचार नही, श्रमिकों का निरंतर सम्मान हो रहा है। इस अवसर पर कलस्टर प्रमुख उत्तम मौर्य, पूर्व विधायक कलक्टर पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, शिवदत्त पटेल, रमाकांत विश्वकर्मा, अशोक सिंह, डाँ. भगवत पांडेय, पुष्पराज सिंह, राजेश्वरी तिवारी, जय सिंह, सविता मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, संत प्रसाद पांडेय, मिथिलेश पांडेय आदि के साथ भारी हजारो की सख्यां मे लाभार्थी महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# नगर निगम में निर्विरोध निर्वाचित हुए 12 सदस्य

## महापौर गणेश केसरवानी की अगुवाई में हुई सदन की पहली बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी की मौजूदगी में नगर निगम के सदन की पहली बैठक मंगलवार को हुई। इसमें कार्यकारिणी समिति के 12 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें सबसे ज्यादा सदस्य भाजपा के ही चुने गए। इसके अलावा 2 सदस्य सपा के और 1 सदस्य निर्दलीय निर्वाचित हुए हैं। सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सदन में मौजूद पार्षदों ने 13 अभ्यर्थियों का नाम प्रस्तावित किया था। जिसमें अजय यादव, अमित सिंह, उमेश चन्द्र मिश्र, दीपिका जैसल, नीरज कुमार गुप्ता, मयंक यादव, शिव कुमार, श्रीनिषाद, सरफराज अहमद, मुमताज अंसारी नामित हुए। कांग्रेस की मुमताज अंसारी द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद सभी निर्विरोध चुन लिए गए।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर सम्भव सुनवाई

नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के समाधान के लिए नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।

# डीएम ने की योग दिवस की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को कैम्प कार्यालय में 21 जून, 2023 को आयोजित होने वाले नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम हर घर-आंगन योग रखा गया है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में बताया गया कि 15 जून से 21 जून, 2023 तक जनपद में विभिन्न स्थानों पर योग सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 जून से 21 जून तक प्रत्येक ग्राम पंचायतों, न्याय पंचायतों, स्थानीय निकायों एवं नगर निगम के प्रत्येक वार्डों में नियमित रूप से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि 15 जून से 21 जून तक आयोजित योगा कार्यक्रम के तहत योग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति आयुष कवच पर योग करते हुए अपना फोटो अवश्य अपलोड करें। 21 जून को योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन परेड ग्राउण्ड में किया जायेगा।जिलाधिकारी ने परेड ग्राउण्ड पर साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, साउण्ड सिस्टम, एलईडी की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने योगा कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाइंट, सैण्ड आर्ट भी बनाये जाने के लिए कहा है। स्वीमिंग पुलों व बोट क्लब पर वाटर योगा भी आयोजित किए जाने के लिए कहा है। अमृत सरोवरों, स्मृति वाटिका, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, थानों तथा स्कूलों में भी योगा कार्यक्रम



**योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को परेड ग्राउण्ड में किया जायेगा आयोजित,15 जून से 21 जून तक विभिन्न स्थानों पर योग सप्ताह का किया जायेगा आयोजन, इस बार योग दिवस की थीम हर घर-आंगन योग रखा गया है**

आयोजित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित करने के लिए कहा है, जिससे कि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सके तथा योगा का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने योगाभ्यास कराने के लिए प्रशिक्षित लोगो की टीम लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि लोगो को योगाभ्यास के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आयुवेर्दीक अधिकारी डॉ0 शारदा प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवती ने ट्रेन से कटकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र में सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक युवती की लाश ट्रेन से कटी मिली। दोपहर बाद उसकी शिनाख्त हुई। तब जाकर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरा। घरवालों का कहना है कि रात में 12 बजे के बाद वह कब घर से निकली, किसी को पता नहीं चला। घरवालों का कहना है कि शादी में न ले जाने की वजह से वह नाराज थी।धूमनगंज थाना तर्गत पीपल गांव निवासी फूलचंद्र प्राइवेट काम करते हैं। उनके पांच बेटियां और चार बेटे हैं। आठवें नंबर की बेटी अनीता देवी (18) 11वीं कक्षा की छात्रा थी। 12 जून की शाम को परिवार के सभी लोग एक शादी में गए थे। अनीता घर में अकेली थी। रात में परिवार के लोग लौटे तो उसने दरवाजा खोला। पिता और अन्य लोग रात में निमंत्रण से नहीं लौटे थे। सभी लोग अपने अपने बिस्तर पर सोने चले गए। भोर में उसकी मां केला देवी उठी तो अनीता बिस्तर पर नहीं थी। उन्होंने खोजबीन शुरू की। उसका कुछ पता नहीं चला। पूरा परिवार उसकी खोजबीन शुरू कर दी। कुछ पता नहीं चल रहा था। दूसरी तरफ क्षेत्र के सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक लड़की की ट्रेन से कटी लाश मिली। उसकी पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस ने म शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।दोपहर में अनीता के घरवाले

**परिवार के लोग शादी में गए थे, उसे न ले जाने पर नाराज थी**



उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने धूमनगंज थाने पहुंचे तो वहां पुलिस ने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास मिली युवती की लाश की फोटो दिखाई। फोटो के जरिए घरवालों ने उसकी पहचान अनीता के रूप में की। उसके बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। वहां अनिता की लाश की पहचान की। उसके बाद पंचायतनामा भरा गया।धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि युवती ने ट्रेन से कटकर सुसाइड किया है। वह शादी में जाने को तैयार थी। घरवाले नहीं ले गए। जिद करने पर मां ने फटकार लगा दी थी। जिसकी वजह से वह नाराज थी। बाकी जांच के बाद चीजें सामने आएंगी।

# पति की मौत के दूसरे दिन पत्नी की भी मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र के बरहा कला (गड़रान बस्ती) में सोमवार दोपहर तेज धूप में गश्त के कारण पति की मौत हो गई थी। सदमे में दूसरे दिन पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इससे दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। समूचे गांव में मातम का माहौल है।मांडा थाना क्षेत्र के बरहा कला (गड़रान बस्ती) निवासी सन्तोष यादव (25) की सोमवार दोपहर कड़कड़ाती धूप के कारण गश्त से मौत हो गई थी। वहीं दूसरे दिन मंगलवार की दोपहर सदमें में पति की मौत के सदमें में पत्नी विनीता यादव ( 23 ) की मौत हो गई। जानकारी पर रोते बिलखते मृतका के पिता लालचंद यादव सहित मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे। इस घटना से ससुराल सहित मायके पक्ष के दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतका के तीन बच्चों राज, रुद्र व बेटी श्वेता के अनाथ होने को लेकर हर किसी की आंखें नम थीं। मृतका की शादी वर्ष 2015 में सन्तोष के साथ हिंदू रीति रिवाजों के साथ संपन्न हुई थी।



### पति-पत्नी की मौत से अब सदमें में परिजन

बरहा कला गांव के पति पत्नी की चौबीस घण्टे के अंदर हुई मौत से अब परिजन काफी सदमें में दिखे। ग्रामीणों सहित नाते-रिश्तेदार उन्हें संभालते नजर आए। सन्तोष के पिता बेटे-बहू को घर की शान बताकर जमीन पर रोते बिलखते रहे। बेटे की मुखग्नि के बाद बहू की मुखग्नि देने को लेकर बेसुध रहे।

# आक्रोशित परिजनों ने हत्यारों के घर के सामने खोदी कब्र

## सब्जी विक्रेता की हत्या का मामला, हरिप्रताप सिंह व अधिकारियों के आश्वासन पर माने परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के भंगवा किना का पुरवा के रहने वाले सब्जी विक्रेता अनिल साहू (51) वर्ष की गत शाम चाकुओं से गोदकर नृषंस हत्या कर दी गई। पुलिस द्वारा मृतक सब्जी विक्रेता का पोस्टमार्टम कराने के बाद जब शव घर आया तो आक्रोषित परिजनों ने पड़ोसी हत्यारों के घर के सामने कब्र खोद डाली थी लेकिन नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, सीओ सिटी करिष्मा गुप्ता, एसडीएम सदर शैलेन्द्र के समझाने-बुझाने पर घरवाले अंतिम संस्कार को राजी हुए, तब मामला कुछ शांत हुआ।


परिजनों से बातचीत करते हरिप्रताप सिंह, सीओ सिटी व एसडीएम।

बता दें कि मामूली विवाद में सब्जी विक्रेता अनिल साहू की पड़ोसियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इससे घर में तो कोहराम मचा ही था लेकिन लोगों में आक्रोष था मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने, हत्यारों की गिरफ्तारी करने, रहने के लिये आवास तथा बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाने आदि मांगों को लेकर हरिप्रताप सिंह, सीओ व एसडीएम ने आष्वासन दिया, तब जाकर घरवाले अन्त्येष्टि को तैयार हुए। आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। गांव में पुलिस लगी हुई है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाष कर रही है। अभी आरोपी के घर की एक महिला को पुलिस ने उठाकर उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि अनिल साहू मुम्बई के खार में रहकर सब्जी का व्यवसाय करता है। करीब एक माह पहले वह घर आया था। रात में जब वह खाना खा रहा था, तभी पड़ोसी योगेष उसे बुलाकर ले गया, जहां उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भतीजे अभिषेक की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक अनिल अपने पीछे पत्नी तथा तीन बच्चों को छोड़ गये हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## रिश्तेदारी आये पीड़ित की हुई पिटाई, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कन्धई थाना के ताला गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सात जून को वह लीलापुर थानान्तर्गत देवली गांव में एक रिश्तेदार राजकुमार के यहां निमंत्रण में शामिल होने आया था। यहां पर रात में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सनी, कृष्ण कुमार, संजय, अनिल के साथ छः अज्ञात लोगों ने गाली देते हुए उसे मारापीटा। बीचबचाव में पहुंचे उसके पिता व चचेरे भाई श्याम सुन्दर, राधेश्याम व धीरज को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। मामले मे पुलिस ने तहरीर के आधार पर सनी समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## खडंजा निर्माण को लेकर प्रधान समेत दो लोगों से की गालीगलौज, पुलिस को दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मुरली नौबस्ता के ग्राम प्रधान ने खडण्जा निर्माण में गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरन अवरोध उत्पन्न करने व अभद्रता करने को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मुरली नौबस्ता ग्राम प्रधान बृज बहादुर सरोज पुत्र रामगरीब ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव में राधेश्याम मौर्य के घर से वर्मा बस्ती तक आने जाने के लिए खडण्जा मार्ग स्वीकृत हुआ है। लेकिन गांव के कुछ लोग जबरन खडण्जा निर्माण में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। पीड़ित प्रधान का आरोप है कि ग्यारह जून को वह अपने प्रतिनिधि धर्मेन्द्र मिश्र के साथ खडण्जा निर्माण के लिए मार्ग का अवलोकन कर रहा था। इसी बीच एकराय होकर हाथ में तमंचा लहराते व धारदार हथियार लिए गांव के चार लोग वहां पहुंचे और पीडित प्रधान से विवाद करने लगे। आरोपीगण जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रधान से गालीगलौज करने लगे और उसे धक्का मारकर जमीन पर गिरा दिया। आरोपियों ने प्रधान प्रतिनिधि के गले की चेन भी छीन लिया। इसके बाद आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। थानाध्यक्ष मनोज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालत में जिला जेल में कैदी की मौत

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के जिला जेल में बंद कैदी उमेश सिंह की संदिग्ध मौत होने से हड़कंप मच गया। बाघराय थाना क्षेत्र के कोडराजीत में हुई राजेश सिंह की हत्या के आरोप में जेल में उमेश सिंह बंद थे। करीब 5 वर्ष पहले गैंगवार के दौरान राजेश सिंह की हत्या की गई थी। उमेष सिंह को जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिस पर मृतक कैदी के परिजनों को सूचना दी गई।

## ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर पहुँचे डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज, परियावां व हिनाहूं गांव का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पंचायती राज प्रयागराज मण्डल डिप्टी डायरेक्टर जयदीप त्रिपाठी सोमवार की दोपहर अचानक ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर पहुंचने पर हड़कम्प मच गया। जहां से लगभग 11 बजे कालाकांकर की ग्राम पंचायत हिनाहूं पहुँचे जहा निमार्णाधीन सीएससी आर सी सी सेंटर, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, व सोख्ता गड्ढा का निरीक्षण करने के बाद ग्राम पंचायत परियावां पहुँचे।

जहाँ सीएससी आरसीसी सेन्टर, पंचायत भवन, नेड़प, सोख्ता गड्ढा व सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करने के बाद वापस ब्लाक मुख्यालय पहुँचे। दोनों ग्राम पंचायत के कार्यो से संतुष्ट होकर ग्राम पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर व एडीओ आईएसबी एव ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य व ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी व ग्राम प्रधान पति अनिल मौर्य की सराहना किया अपने दो घंटे के औचक निरीक्षण करने के बाद गंतव्य के लिए रवाना हो गये। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत सहायक संतोष कुमार शुक्ला, पंचायत सहायक साधना मौर्य, राजेश मौर्य, सुनील मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।


हिनाहूं गांव मे शौचालय का निरीक्षण करते डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज।

## अमृत सरोवर में चल रहा बाबा का बुलडोजर, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के उमरडिहा गांव के रहने वाले रमाकांत पुत्र जगरूप, रामनिधि पुत्र बाबुलाल सरोज, वीरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र राम आधार, छोटे लाल पुत्र माता प्रसाद सहित आधा दर्जन ग्राम वासियों ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी पट्टी को लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया है कि गांव की अमृत सरोवर तालाब गाटा संख्या 47 में जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी निकलवाया जा रहा है, जिससे मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल पाया।

ग्राम वासियों ने उप जिलाधिकारी को दिए गए लिखित शिकायत पत्र में बताया है कि रात में जेसीबी मशीन अमृत सरोवर में चलने का वीडियो ग्राम वासियों के द्वारा बनाया गया है और मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच खंड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा को सौंपी तो खंड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा राम प्रसाद ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है शिकायत हुई होगी तो मामले की जांच कर सत्यता के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## फर्जी आदेश के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील में किया विरोध प्रदर्शन

### छह मृतकों को नोटिस का तामीला भेजकर स्टे लेने का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील में एसडीएम की कोर्ट में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन एवम नारेबाजी की। मामला मांधाता के तरौल ग्राम का है, जहां छह मृतकों को नोटिस का तामीला कराकर फर्जी दस्तावेज के सह पर स्टे ले लिया था।

आज मंगलवार को एसडीएम सदर के यहां इस फर्जी आदेश के विरोध में अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में रूरल बार अध्यक्ष अंजनी सिंह एडवोवेट, कुंवर दिग्विजय सिंह एडवोकेट, दिवाकर सिंह एडवोकेट, राघवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष जूनियर बार, शक्ति सिंह एडवोकेट, मिश्रीलाल यादव, राजकुमार मिश्रा, मनीष सिंह एडवोकेट, रजनीश मिश्रा, आसिफ सिद्दीकी, विजयकांत, विकास सिंह, अमजद एडवोकेट, जितेंद्र सिंह उर्फ भोले, मनोज कुमार एडवोकेट, उत्तम सिंह, दुर्गेश सिंह, राजू सिंह, मनीष सिंह, पारुल, नरसिंह, सद्दाम एडवोकेट, राहुल गुप्ता, अखिलेश सिंह, शिवम सिंह एडवोकेट, शचींद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, राहुल वैश्य, हरि शंकर पुरी, अजय एडवोकेट, अमित सिंह विद्रोही, अभिनव सिंह, सलमान, मेहताब, पंकज शर्मा एडवोकेट, नसीम, महताब, अंकुर मौर्य, महेंद्र शर्मा, अभिषेक सिंह, पवन मिश्रा आदि अधिवक्तागण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।


सदर तहसील में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

## युवक के ऊपर थूंकने पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवक के ऊपर थूंकने की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सिंहगढ़ गांव निवासी इसरार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सप्ताह भर पूर्व वह अपने खेत से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के आसिफ ने उसके ऊपर जबरन थूंक दिया। पीड़ित के विरोध करने पर आसिफ ने आरिफ के साथ मिलकर गालीगलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

## गालीगलौज व मारपीट करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गाली देने से मना करने पर आरोपी ने पीडित व उसकी बहन को मारापीटा तथा जानलेवा धमकी भी दी। मामले मे पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोंठवा गांव निवासी उमा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि रविवार को कोठा गांव के रामचंद्र उसे रंजिशन गाली देने लगे। उसके द्वारा मना करने पर आरोपी ने किरन व दिव्यांशु के साथ मिलकर उसे मारापीटा। बीचबचाव मे पहुंची पीडित की बहन रेनू तथा उसकी बेटी नंदिनी को भी आरोपियों ने मारापीटा है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## निर्माण कार्य में बाधा डालने को लेकर प्रधान ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत दांदूपुर रनसिंह ग्राम प्रधान हरीराम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव में उनके द्वारा कराए जा रहे इण्टरलाकिंग कार्य में गांव के कुछ लोग जबरन अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। मना करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। मामले मे एसओ सुभाष यादव ने जांच के बाद उचित कार्रवाई की बात कही है।

## मारपीट व धमकी को लेकर पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना अर्न्तगत घीसा का पुरवा रेडवीर निवासी कृष्ण कुमार शर्मा के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर बीती सोमवार को करीब एक बजे गांव के दो लोगों ने उसे जमकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में एसओ सुभाष यादव का कहना है कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत छोटी इटौरी गांव की ननकी पत्नी शिवमूरत ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सात जून को उनका पुत्र दीपक गांव के दयाराम वर्मा के साथ रात करीब डेढ़ बजे निमंत्रण से घर लौट रहा था। रामपुर भेड़ियानी के पास अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले मे पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक तीव्र गति से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिपूर्ण व पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो बीएड प्रवेश परीक्षा: एडीएम

## 15 जून को जिले के 20 केन्द्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2023-24 की प्रवेश परीक्षा 15 जून 2023 को जनपद के 20 केंद्रों पर दो पारियों में संपन्न होगी। इसके आयोजन के रुप में बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी उत्तर प्रदेश इस प्रशिक्षण कार्यशाला में समस्त केंद्र व्यवस्थापक जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट पर्यवेक्षक केंद्र प्रतिनिधि एवं सभी परीक्षा से जुड़े हुए अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

परीक्षा के नोडल अधिकारी के रूप में डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य पीबी डिग्री कॉलेज प्रतापगढ़ एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में सत्य प्रकाश राजकीय डिग्री कॉलेज सांगीपुर प्रतापगढ़ रहे। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से समन्वय के रूप में डॉक्टर संतोष कुमार पांडे एवं डॉक्टर पीके सिंह रहे। इस अवसर पर त्रिभुवन वर्मा अपर जिला अधिकारी डॉक्टर ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ मोहम्मद अनीस निशा तिवारी, राजकुमार सिंह, जितेंद्र कुमार यादव उप जिला अधिकारी प्रतापगढ़, अश्वनी कुमार जिला कृषि अधिकारी गरिमा श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार ओझा, अशोक मिश्रा, डॉ राजीव कुमार सिंह, ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, बाल इंदु भूषण सिंह, संकल्प कुमार आदि रहे। इस दौरान त्रिभुवन वर्मा अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रवेश परीक्षा को हमें सकुशल शांति पूर्ण, शुचिता पूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्ण ढंग से जनपद में आप सब के सहयोग से संपन्न करानी है। सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं पर्यवेक्षक एवं परीक्षा से जुड़े हुए सभी अधिकारी और कर्मचारी परीक्षा की पूर्ण रूप से गोपनीयता को बनाए रखेंगे और नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराएंगे छात्र-छात्राओं से मानवता पूर्ण रवैया अपनाएं। कहा कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही साथ किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के साथ सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के समन्वयक ने बीएड प्रवेश परीक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।


प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी बैठक में बोलते अधिकारी।

## बरियावां में पांच दिन पूर्व हुई हत्या की तह तक पहुंची पुलिस, शक की सुई मृतक की पत्नी व प्रेमी पर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरियावां किलकिलहा देव आश्रम के रास्ते पर सड़क के किनारे गड्ढे मे खुन से लथ पथ होरी लाल यादव पुत्र झूरी लाल यादव (38) वर्षीय निवासी हामिदपुर बड़ा गांव थाना ऊंचाहार रायबरेली का शव शनिवार की भोर पर्ह नवाबगंज थाना क्षेत्र मे पड़ा मिला। जिसके शरीर मे धार दार हथियार के निशान पाए गये।

मृतक की पत्नी शिव कुमारी की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किंया। घटना की तहरीर मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह जाँच में तेजी से जुट गये और हत्यारोपी के करीब तक पहुंच गये। सूत्र की माने तो होरी लाल की हत्या प्रेम प्रपंच के कारण पता चल रहा है मृतक की पत्नी का प्रेम प्रपंच थाना क्षेत्र के बैरागीपुर निवासी यादव बिरादरी के एक युवक पर शक जताया जा रहा है जिसे पुलिस हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही हैं। सूत्र की माने तो घटना को अंजाम देने मे दो तीन लोग शामिल है। घटना का खुलासा जल्द करने की बात नवाबगंज पुलिस कह रही है। वैसे तो ग्रामीणो की बात पर यकीन करे तो होरी लाल यादव की हत्या प्रेम प्रपंच के चलते हुई है ग्रामीणो की जुबान पर हिरासत मे लिए गये युवक का नाम सामने आ रहा है। घटना का खुलासा होने पर ही सच्चाई सामने आएगी जो बहुत जल्द सामने आ जाएगा।

## मकान निर्माण कार्य पूरा न करने पर धमकी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र परियावां निवासी पंडित राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने नवाबगंज पुलिस को दिये गए तहरीर मे आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर अहमदगंज निवासी एक राज मिस्त्री से मकान के हो चुके निर्माण के अंर्द बने कमरे व बरामदे की फर्श व टायल्स घोटाई के लिए 70 हजार रु मे राज मिस्त्री से लगाने के लिए पैसा तय हुआ जिसमे अब तक इलाज व दवा के नाम पर झूठ बोलकर 52 हजार रु0 ले लिया और अब काम पुरा नही कर रहे है। बाकी बचा पैसा बिना काम पुरा किये मांग रहे है पैस न देने पर हरिजन एक्ट मे फसा देने की धमकी दे रहे हैं। नवाबगंज थाना प्रभारी से मामले की जाँच कर कारवाई करने की गुहार लगाई है जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके।

## कई वर्षो से जमे पड़े पुलिस कर्मी पर कब चलेगी तबादला एक्सप्रेस

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील सर्किल के विभिन्न थानों में कई वर्षो से जमे पड़े कांस्टेबलों पर तबादला एक्सप्रेस कब तक चलेगी सर्किल क्षेत्र के कुंडा, मानिकपुर, संग्रामगढ़, नवाबगंज, महेशगंज मे लगभग तीन चार वर्षो से एक ही थाने पर पुलिस कर्मी जमे पड़े हुए हैं, जो क्षेत्र की जनता मे अपनी पकड़ मजबूत बनाकर खेला खेल रहे है। जहां जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए अपने मातहतो को क्राइम मीटिंग मे कड़े निर्देश दे रहे हैं तो वही दूसरी तरफ सर्किल के थाने मे 3-4 सालों से जमे रसूखदार सिपाही पीड़ितों की समस्या सुलझाने की जगह थाने पर बुलाकर बैठा लेते हैं।


लोगों को शरबत पिलाते आयोजकगण।

## राहगीरो को पिलाया गया शरबत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को चैक घंटाघर के निकट केसरवानी पुस्तक भंडार के सामने शरबत वितरण का कार्यक्रम हुआ। भीषण गर्मी से परेशान सैकड़ों राहगीरों ने शरबत पीकर गले को तर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष गिरिजा शंकर, सचिव अश्वनी केसरवानी, कोषाध्यक्ष शिशिर खरे, महिला संयोजिका कविता केसरवानी, पूनम केसरवानी, संजीव आहूजा डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, श्रीमती श्रद्धा सिंह, शरद केसरवानी, विजय लक्ष्मी गुप्ता, गोविंद खंडेलवाल, राजेश श्रीवास्तव, नमिता पांडे, मीनू खंडेलवाल, बंटी सूरज शुक्ला, नारायण खंडेलवाल, उदय भान सिंह समेत कई ने सक्रिय योगदान किया।

## डिग्री कॉलेज के सामने लगी पानी की टंकी हुई दुरुस्त, मिली राहत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वर्ष भर से खराब पड़ी पानी की टंकी अब ठीक हो गई है। नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने इसके लिए कवायद शुरू की तो पानी की टंकी को दुरुस्त करा दिया गया। लोगों को अब सुलभ जल उपलब्ध होने लगा है। पट्टी नगर पंचायत में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने फिर से परचम लहराया और नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल को बनाया जनता की उम्मीदों आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने तथा योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के वादे के साथ व नगर अध्यक्ष बने उन्होंने अव्यवस्थाओं तथा समस्याओं के संबंध में त्वरित निस्तारण की बात भी कही थी। पट्टी नगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सामने पानी की टंकी खराब हो चुकी थी जिस के संबंध में उन्होंने कवायद शुरू हुई पानी की टंकी से सुलभ जल लोगों को मिलने लगा है।

## एआरटीओ ने नवाबगंज थाने के सामने चलाया चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे मार्ग के नवाबगंज थाना के सामने मंगलवार की दोपहर एआरटीओ प्रतापगढ़ डा0 दिलीप गुप्ता ने सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे खासकर ओवरलोड भारी वाहन गिट्टी, मोरंग ट्रैक्टर व प्राइवेट बसों पर नजर रही दोपहर मे चलाया गया। चेकिंग अभियान मे ट्रक ड्राइवरो को भनक लगते ही अपने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर दिये और जाने के बाद सड़को पर फरार्टे मारने लगे। वाहन चेकिंग के दौरान एक जेसीबी को पकड़कर थाने परिर्स मे खड़ा कराया इसके बाद एक लोड डीसीएम ट्रक व प्राइवेट बस को रोककर कागजात चेक करने लगे। इस दौरान ट्रक चालकों मे हड़कंप मचा रहा ए आर टी ओ के जाने के बाद ट्रक चालकों ने अपने वाहन को सड़को पर दौड़ाने लगे।

संपादकीय

# विधानसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बढ़त


**राजनीति** पर नजर रखने वालों को लगता है कि मध्यप्रदेश में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी, जहां कांग्रेस 2018 की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है और भाजपा को सत्ता-विरोधी लहर और आंतरिक असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कांग्रेस वास्तव में इस बिंदु पर भाजपा पर बढ़त बना सकती है। मध्य भारत में इन दिनों मौसम खराब है, अचानक तूफान और बारिश के कारण उच्च तापमान में नमी बढ़ जाती है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल के लिए भी यही सच है, जहां चुनाव पांच महीने में होने वाले हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों राज्यों में एक बार फिर से मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर द्विध्रुवीय हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी मध्यप्रदेश में कर्नाटक की तरह ही 150 सीटें (कुल 230 में से) जीतेगी। भाजपा ने 200 से ज्यादा सीटें जीतने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बार-बार कांग्रेस के मौजूदा 71 सीटों पर बने रहने के लक्ष्य के बारे में बात की है, जबकि भाजपा का दावा है कि वह स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी। राजनीति पर नजर रखने वालों को लगता है कि मध्यप्रदेश में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी, जहां कांग्रेस 2018 की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है और भाजपा को सत्ता-विरोधी लहर और आंतरिक असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कांग्रेस वास्तव में इस बिंदु पर भाजपा पर बढ़त बना सकती है, जबकि भाजपा की सबसे बड़ी उम्मीद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता है। जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, अपनी कल्याणकारी योजनाओं और छत्तीसगढ़ के गौरव कारक पर सवार कांग्रेस सरकार को आश्चर्यजनक रूप से हतोत्साहित भाजपा के खिलाफ आरामदायक स्थिति में रखा गया है। दोनों राज्यों में उम्मीदवारों का चयन महत्वपूर्ण होगा। राजनीतिक टिप्पणीकार रशीद किदवई ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस द्वारा दिखाई गई अस्वाभाविक आक्रामकता, जो राहुल गांधी द्वारा खुद 150 सीटों का दावा करने से स्पष्ट है, पर यह काफी दिलचस्प है। 'पार्टी कर्नाटक के परिणामों से उत्साहित दिखती है और यह मध्यप्रदेश में समानता देखती है- भाजपा के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर, कई स्थानीय मुद्दों को उठाना और कमलनाथ में एक अनुभवी नेता के होने के कारण कोई बड़ा आंतरिक संघर्ष नहीं है। कर्नाटक ने दिखा दिया है कि आदिवासी राष्ट्रपति बनाने जैसे भाजपा द्वारा उठाये गये कुछ कदम काम नहीं कर रहे हैं।' भाजपा अंदरूनी कलह से बौखला गई है। महत्वपूर्ण ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में टिकट चाहने वाले पार्टी के लिए प्रमुख सिरदर्द हैं। किदवई ने कहा कि जो लोग 2018 में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेताओं से हार गये और उन्हीं सीटों से फिर से चुने गये, वे अपनी सीट वापस चाहते हैं। 'ऐसी अफवाहें हैं कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जिनके दलबदल ने 2020 में भाजपा सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, 50-60 समर्थकों के लिए टिकट मांग सकते हैं। इस तरह की आंतरिक कलह कुछ ऐसी है जिसकी भाजपा को आदत नहीं है।' बीडी शर्मा को प्रदेश भाजपा प्रमुख बनाये रखने के बारे में भी कोई स्पष्टता नहीं है। श्री शर्मा, राज्य भाजपा प्रमुख के रूप में आंतरिक असंतोष की जांच करने में विफल रहे हैं। 'चौहान व्यक्तिगत करिश्मे और नये योजनाओं पर निर्भर हैं, लेकिन कांग्रेस मुकाबले के मुद्दे खोजने में तेज है। कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस भी आत्मविश्वास से भरी और आक्रामक दिखती है, ' राजनीतिक विश्लेषक मनीष दीक्षित ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पृष्ठभूमि में काम कर रहे हैं, खासकर उन 66 सीटों पर जो कांग्रेस पिछले तीन बार में जीतने में नाकाम रही। दीक्षित ने कहा, 'कांग्रेस भी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण पर अपनी उम्मीद जता रही है।'

भाजपा की सबसे बड़ी ताकत चौहान हैं, जबकि कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस को बड़ा फायदा है। राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर ने कहा, 'दोनों पार्टियां अपने स्थानीय नेतृत्व को बढ़त देने के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगी, जो अन्य राज्यों के चुनावों में काम करता है।' 'मतदाता अपनी आकांक्षा को पूरा करने के लिए स्थानीय नेतृत्व पर अधिक भरोसा करते हैं। बहुत अधिक हस्तक्षेप या राष्ट्रीय नेतृत्व पर निर्भरता वास्तव में हानिकारक हो सकती है।' किदवई ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की स्थिति बेहतर है, क्योंकि भाजपा खेमे में चौहान जैसा कोई नहीं है। शंकर ने भी कहा कि रेस एकतरफा लग रही है। मौजूदा सीटों का अंतर- भाजपा के 14 के मुकाबले कांग्रेस का 71- बहुत बड़ा अंतर है, खासकर करिश्माई स्थानीय नेताओं की अनुपस्थिति में। इस बीच श्री बघेल ने खुद को 'माटी के लाल' के रूप में स्थापित कर लिया है और 'छत्तीसगढ़ी' की पहचान और गौरव को निभाने में माहिर हो गये हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में कांग्रेस की धारणा एक विशाल जनसंपर्क अभ्यास का परिणाम थी, जबकि भाजपा जमीन पर सक्रिय थी। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल पूरे होने पर एक साथ मेगा संपर्क अभियान चलायेंगे और सभी विधानसभा क्षेत्रों में 10 जून तक किसान चौपाल भी चलायेंगे। कांग्रेस ने कहा कि बघेल सरकार ने 90 प्रतिशत से अधिक चुनावी वायदों को पूरा किया है और अतिरिक्त योजनाएं भी लाई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, 'हमारी सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम किया और राशन की दुकानों के माध्यम से सब्सिडी वाले चावल उपलब्ध कराकर बुनियादी जरूरतों का ख्याल रखा।' उन्होंने बताया कि कैसे बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पहचान के गौरव को पुनर्जीवित करने में कामयाबी हासिल की और धार्मिक परियोजना पर भी काम किया। जैसे राम वन गमन पथ योजना।

# मणिपुर : फूट का इंतजाम है, एकीकरण का नारा!

राजेंद्र शर्मा

**जब** मणिपुर हाईकोर्ट ने बहुसंख्यकों के आग्रहों को ही प्रतिबिंबित करते हुए, 24 अप्रैल को राज्य सरकार को एक प्रकार से इसका निर्देश ही दे दिया कि मैतेई समुदाय को अनूसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजे, तो लगातार बढ़ाए जा रहे तनावों और जाहिर है कि दोनों ओर से उग्र से उग्रतर होती गोलबंदियों ने, अचानक तनाव को विस्फोटक बिंदु तक पहुंचा दिया। मणिपुर को जलते हुए, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चालीस दिन हो चुके हैं। पर गंभीर हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मरने वालों की संख्या सौ से ऊपर निकल चुकी है। विशाल संख्या में गांवों, गिरजाघरों, अन्य ईसाई संस्थाओं, मंदिरों आदि को आगजनी तथा तोड़-फोड़ का निशाना बनाया गया है और सरकारी तथा निजी संपत्तियों का बहुत भारी नुकसान हुआ है। खुद सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हिंसा के चलते इस छोटे से राज्य में 50,698 लोग अपने घरों से विस्थापित होकर, 349 राहत शिविरों में शरण लेने पर मजबूर हुए हैं। इसके बावजूद, हर रोज नये हमलों तथा मौतों की खबरें आ रही हैं। दूसरी ओर, राज्य के कुकी, नगा तथा अन्य आदिवासी समुदायों से जुड़े लोग इस दौरान राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर इस बार-बार प्रदर्शन करते रहे हैं और राज्य में आदिवासी अल्पसंख्यकों के खिलाफ और भाजपा की राज्य सरकार के संरक्षण में, हत्यारे हमलों व आदिवासी गांवों के जलाए जाने से लेकर, जनसंहार तक के आरोप लगाते रहे हैं। 3 मई को मणिपुर में हिंसा का जैसा विस्फोट हुआ था, उसकी भयावहता की तस्वीरों ने पूरे देश को हिला दिया था। सोशल मीडिया में वायरल हुई तस्वीरों में बाकायदा युद्ध जैसा दृश्य नजर आता था, जिसमें बाकायदा सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले हथियारों का प्रयोग किया जा रहा था।



ये तस्वीरें मणिपुर ही नहीं पूरे उत्तर-पूर्व में, भाजपा के बढ़ते पैमाने पर सत्ता पर काबिज होने के साथ, पहले काफी अर्से तक अशांत रहे इस क्षेत्र में, नरेंद्र मोदी के राज में, विभाजनों के कम होने और तमाम विभिन्नताओं व टकरावों के इतिहास के बावजूद, एकीकरण के बढ़ने की बड़े जतन और भारी प्रचार से बनाई गई छवि को ध्वस्त करती थीं। इसके बावजूद, वर्तमान सरकार के नंबर वन ही नहीं, नंबर टू ने भी, जिनके पास देश के गृहमंत्री की भी जिम्मेदारी है, कर्नाटक में अपने चुनाव प्रचार को प्राथमिकता देते हुए, मणिपुर की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। बहरहाल, शुरूआत में अगर बहुत से लोगों ने इसे हालात को संभालने के लिए, अपनी पार्टी की राज्य सरकार तथा उसके दूसरे कार्यकाल के लिए चुने गए मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर ही भरोसा करने और खुद कर्नाटक का चुनाव जीतते पर ही पूरा ध्यान लगाने की, राजनीतिक गैर-जिम्मेदारी का ही मामला माना भी होगा, तो उनकी भी यह गलतफहमी तब दूर हो गई, जब कर्नाटक के चुनाव और उसके नतीजे आने के बाद भी कई हफ्ते तक और वास्तव में हिंसा फूटने का एक महीना पूरा होने तक, केंद्रीय गृहमंत्री को मणिपुर का दौरा करने की फुर्सत नहीं हुई। यह तब था जबकि मणिपुर के आदिवासी अल्पसंख्यक देश की राजधानी में बार-बार प्रदर्शन कर, अपने साथ ज्यादतियों की सच्चाई, केंद्र सरकार के संज्ञान में ला रहे थे। यह किसी अनदेखी या चूक का नहीं, सोची-समझी चुप्पी का मामला था। चुप्पी का सार यह है कि बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों को पक्का सबक सिखाने के लिए, कुछ समय तक हिंसा की छूट होगी। गुजरात में 2002 में तीन दिन की छूट दी गई थी और मणिपुर का नंबर आते-आते इस छूट की जरूरत महीने भर तक पहुंच गई है। और महीने भर बाद, जब अमित शाह ने इम्फाल का दो दिन का दौरा किया और सभी से शांति की अपील करने के अलावा हिंसा के कारणों की न्यायिक जांच कराने तथा हिंसा के छः प्रमुख प्रकरणों की छानबीन के लिए एसआईटी का गठन करने का ऐलान किया, तो उससे हालात में कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ा लगता है। हां! इतना जरूर हुआ कि शाह के दौरे के साथ, पुलिस व अन्य रक्षा बलों से छीने गए हथियारों का समर्पण किए जाने की अपील किया जाना शुरू हुआ और इसके साथ ही हथियारों की तलाश में छापामारी का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसमें कुछ सौ हथियार जरूर रक्षा बलों के पास लौट आए। लेकिन, कुल मिलाकर शाह का यह दौरा भाजपायी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन पर जनता का और खासतौर पर आदिवासी अल्पसंख्यकों का भरोसा जमाने में नाकाम रहा, जो मुख्यमंत्री तथा पुलिस व अन्य रक्षा बलों पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय से जुड़े अतिवादियों को संरक्षण देने के आरोप लगाते रहे हैं। और ये आरोप निराधार भी नहीं हैं, जिसका सबूत मुख्यमंत्री का कुकी आदिवासियों को 'आतंकवादी' से लेकर 'विदेशी म्यांमारवासी' तक करार देना है। हैरानी की बात नहीं है कि शाह के दौरे के हफ्ते भर बाद भी, हिंसा की बड़ी वारदातें बदस्तूर जारी हैं बल्कि मुख्यतः पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी व अन्य आदिवासी अब इसकी शिकायतें कर रहे हैं कि हथियार जमा करने के नाम पर इकतरफा तरीके से उन्हें निरस्त्र किया जा रहा है और उनके लाइसेंसी हथियार भी जब्त किए जा रहे हैं, जबकि जंगल में रहने इन आदिवासियों के लिए ये हथियार बहुत ही जरूरी हैं।? जाहिर है कि हिंसा का यह विस्फोट भी कोई एकाएक ही नहीं हो गया है। वास्तव में मणिपुर, उत्तर-पूर्व के अन्य ज्यादातर राज्यों की ही तरह, विभिन्न जातीयताओं-इथनिक समूहों का गढ़ रहा है। इन समूहों के बीच भी संवाद का कम और विवाद का रिश्ता ही ज्यादा रहा है। फिर भी, 1980 के दशक में जब पूरे मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित कर, उस पर अफस्पा लगाया गया था, उस दौर में मणिपुर में बसे विभिन्न समुदायों के बीच ज्यादा तीखा टकराव नहीं था। उल्टे उनका सामूहिक विरोध, देश की केंद्रीय सत्ता से ही था। बहरहाल, 2017 के विधानसभाई चुनाव में, कांग्रेस से कम सीटें पाने के बावजूद जब जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त से भाजपा की सरकार बन गई, उसके बाद से असम को छोड़कर उत्तर-पूर्व के इस अकेले राज्य में, जहां बहुसंख्यक मैतेई समुदाय है जिसे हिंदुत्व की दुहाई से प्रभावित किया जा सकता था, राष्ट्रीय मुख्यधारा के नाम पर, मैतेई समुदाय का हिंदूकरण और एकीकरण के नाम पर, मुख्यतः पहाड़ी इलाकों में बसे कुकी, नगा व अन्य आदिवासी समुदायों के परंपरागत विरोध को तीखा करने के लिए सैन्यीकरण तेज कर दिया गया। इस क्रम में एक ओर तो बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लिए और खासतौर पर उसके धर्म तथा संस्कृति के लिए, ईसाई और वास्तव में गैर-ईसाई भी आदिवासियों को 'खतरा' बताकर, मैतेई युवाओं को बजरंग दल आदि के तुल्य उग्र, हमलावर संगठनों में संगठित किया जा रहा था। और दूसरी ओर, घाटी में बसे अपेक्षाकृत संपन्न व बेहतर सुविधाएं पा रहे मैतेई समुदाय के मध्य वर्ग को, जिसके पक्ष में तरक्की के अवसरों के असंतुलन को भाजपा के राज ने और भी तेजी से बढ़ाया था, यह समझाया जा रहा था कि राज्य में जमीनों के नियंत्रण का संतुलन उनके प्रति अन्यायपूर्ण है और उनकी आगे तरक्की के लिए इस संतुलन को बदलना जरूरी है। याद रहे कि इम्फाल घाटी के राज्य कुल भूभाग के लगभग 10 फीसद में, मैतेई समुदाय से जुड़ी राज्य की 52 फीसद से ज्यादा आबादी बसी हुई है, जबकि करीब 40 फीसद कुकी, नगा व अन्य जनजातियों की आबादी पहाड़ियों पर जिस वन क्षेत्र में रहती है, उसमें राज्य के भूभाग का 90 फीसद हिस्सा आता है। और चूंकि 1960 का भू-राजस्व कानून, वादी के भी गैर-आदिवासियों के, पर्वतीय इलाके की आदिवासियों की जमीनें लेने पर रोक लगाता है, घाटी में बसे बहुसंख्यक समुदाय को इस स्थिति के खिलाफ गोलबंद करना तब तो और भी आसान था, जब यह गोलबंदी विकास/ निवेश की जरूरत की लफ्फाजी की आड़ में की जा रही हो। भाजपा, विकास के नाम पर जमीनों की बिक्री बाहर वालों के लिए खुलवाने का ऐसा ही खेल उत्तरी भारत में हिमाचल तथा उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी खेल चुकी है।

# बंगाल में चुनावों से पहले हो रही हिंसा कैसे होगी विपक्षी एकता

अशोक

**अगले** साल होने लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में विपक्षी पार्टियां केंद्रशासित भाजपा के खिलाफ एकजुट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। लेकिन टीएमसी सांसद ने एक ऐसा बयान दे दिया है जिससे विपक्षी एकता को झटका लग सकता है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद डोला सेन ने सोमवार को पंचायत चुनाव से पहले हुई मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के पीछे कांग्रेस, वामदल और भाजपा का हाथ बताया है।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि बंगाल विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को पीछे मदद करने वाले वामदल और कांग्रेस हैं। विपक्षी दलों की 21 जून की बैठक से पहले सेन का बयान विपक्षी एकता में भूचाल ला सकता है। अब देखना होगा इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दल क्या रुख लेते हैं।

घटना के बाद, पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में जंगल राज है और उन्होंने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष पंचायत चुनाव के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। साथ ही बोला था कि वह कोर्ट की निगरानी में चुनाव कराने के पक्ष में है। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव एक ही चरण में 8 जुलाई को होंगे। वोटों की गिनती 11 जुलाई को होगी। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होगा। आपको बता दे शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के दिन ही मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस की एक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद एक बार फिर यह सवाल उठने लगा है कि आखिर यहां चुनावों के दौरान हिंसा क्यों भड़क उठती है।अगर पिछले सालों के आंकड़ों और चुनावी हिंसा के लंबे इतिहास को ध्यान में रखें तो काफी हद इस सवाल का जवाब भी स्पष्ट हो जाता है। यह कहना ज्यादा सही होगा कि बंगाल में हिंसा अब चुनावी संस्कृति का हिस्सा बन गई है। यहां साल 2018 के पंचायत चुनावों के बाद, उसके अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनावों को दैरान यहां भी काफी हिंसा देखने को मिली थी। खासकर विधानसभा चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर होने वाली हिंसा और कथित राजनीतिक हत्याओं की घटनाओं ने तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थी।ऐसा नहीं है कि बंगाल ऐसा अकेला राज्य है जहां चुनावों से पहले और इसके दौरान हिंसा की घटनाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में जहां चुनावों से पहले बाहुबली गतिविधियां बढ़ जाती हैं वहीं इन राज्यों के साथ साथ महाराष्ट्र, राजस्थान, त्रिपुरा और असम जैसे पूर्वोत्तर राज्य से चुनावी हिंसा की खबरें आती रही हैं। यहां तक कि गुजरात और केरल जैसे आमतौर पर शांत राज्यों से भी बीते वर्षों में चुनावी हिंसा की खबरें आती रही हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पूरे साल के दौरान देश में होने वाली 54 राजनीतिक हत्याओं के मामलों में से 12 बंगाल से जुड़े थे।लेकिन उसी साल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को जो एडवाइजरी भेजी थी उसमें कहा गया था कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में 96 हत्याएं हुई हैं और लगातार होने वाली हिंसा गंभीर चिंता का विषय है। उसके बाद एनसीआरबी ने सफाई दी थी कि उसे पश्चिम बंगाल समेत कुछ राज्यों से आंकड़ों पर स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इसलिए उसके आंकड़ों को फाइनल नहीं माना जाना चाहिए।उस रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्ष 1999 से 2016 के बीच पश्चिम बंगाल में हर साल औसतन 20 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। इनमें सबसे ज्यादा 50 हत्याएं 2009 में हुईं। उस साल अगस्त में मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने एक पर्चा जारी कर दावा किया था कि दो मार्च से 21 जुलाई के बीच तृणमूल कांग्रेस ने 62 काडरों की हत्या कर दी है। कोई चार दशक तक बंगाल की राजनीति को करीब से देखने वाले जानकार बताते हैं कि 1980 और 1990 के दशक में जब बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा को कोई वजूद नहीं था, वाममोर्चा और कांग्रेस के बीच अक्सर हिंसा होती रहती थी। 1989 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु की ओर विधानसभा में पेश आंकड़ों में कहा गया था कि 1988-89 के दौरान राजनीतिक हिंसा में 86 राजनीतिक कार्यकताओं की मौत हो गई है। इनमें से 34 सीपीएम के थे और 19 कांग्रेस के। बाकियों में वाममोर्चा के घटक दलों के कार्यकर्ता शामिल थे।

उस समय सीपीएम के संरक्षण में कांग्रेसियों की कथित हत्याओं के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की थी।पार्टी ने ज्ञापन में दावा किया था कि 1989 के पहले 50 दिनों के दौरान उसके 26 कार्यकताओं की हत्या हो चुकी है।केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थी।एनसीआरबी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि वर्ष 2010 से 2019 के बीच राज्य में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और बंगाल इस मामले में देश भर में पहले स्थान पर रहा।लेकिन सवाल ये उठता है कि राजनीतिक रूप से स्थिर इस राज्य में हिंसा की संस्कृति कैसे लगातार बरकरार है?

जानकारों का कहना है कि बांग्ला समाज की छवि भले भद्रलोक वाली रही हो, चुनावों के समय यह गड्डु-मड्डु हो जाती है। यह राज्य देश विभाजन के बाद से ही हिंसा के लंबे दौर का गवाह रहा है। 1979 में सुंदरबन इलाके में बांग्लादेशी हिंदू शरणार्थियों के नरसंहार को आज भी राज्य के इतिहास के सबसे काले अध्याय के तौर पर याद किया जाता है।उनके मुताबिक, साठ के दशक में उत्तर बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुए नक्सल आंदोलन ने राजनीतिक हिंसा को एक नया आयाम दिया था। किसानों के शोषण के विरोध नक्सलबाड़ी से उठने वाली आवाजों ने उस दौरान पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरी थीं।

वर्ष 1971 में सिद्धार्थ शंकर रे के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद तो राजनीतिक हत्याओं का जो दौर शुरू हुआ उसने पहले की तमाम हिंसा को पीछे छोड़ दिया। 1977 के विधानसभा चुनावों में यही उसके पतन की भी वजह बनी। सत्तर के दशक में भी वोटरों को आतंकित कर अपने पाले में करने और सीपीएम की पकड़ मजबूत करने के लिए बंगाल में हिंसा होती रही है। वर्ष 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। माना जाता है कि बंगाल में सत्ता की राह ग्रामीण इलाकों से ही निकलती है। यही वजह है कि देश के कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के मुकाबले पश्चिम बंगाल में होने वाले पंचायत चुनावों को ज्यादा सुर्खियां और अहमियत मिलती रही है। बंगाल में ग्रामीण इलाके शुरू से ही सत्ता की चाबी रहे हैं। वाममोर्चा ने भूमि सुधारों और पंचायत व्यवस्था की सहायता से सत्ता के विकेंद्रीकरण के जरिए ग्रामीण इलाकों में अपनी जो पकड़ बनाई थी उसी ने उसे यहां कोई 34 साल तक सत्ता में बनाए रखा था।

2008 के पंचायत चुनावों में ग्रामीण इलाकों में पैरों तले की जमीन खिसकते ही वर्ष 2011 में यहां वाममोर्चा का लाल किला ढह गया था। तृणमूल कांग्रेस ने उन चुनावों में तमाम राजनीतिक पंडतों के आकलन को गलत साबित करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राज्य के विभिन्न इलाकों में बालू, पत्थर और कोयले के अवैध खनन और कारोबार पर वर्चस्व भी पंचायत चुनाव में होने वाली हिंसा की एक प्रमुख वजह है। यह तमाम कारोबार पंचायतों के जरिए ही नियंत्रित होते हैं। ऐसे में जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर पंचायतों पर काबू पाने के लिए तमाम राजनीतिक पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंक देती हैं।

इस बार भी पंचायत चुनाव अलग नहीं हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राज्य के विभिन्न इलाकों से हिंसा की खबरें आने लगी हैं। यही वजह है कि कांग्रेस और भाजपा जैसी विपक्षी पार्टियों ने केंद्रीय बलों की निगरानी में चुनाव कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिकाएं भी दायर की हैं।

दरअसल अगले साल लोकसभा चुनावों से पहले आखिरी चुनाव होने की वजह से तमाम दलों के लिए यह पंचायत चुनाव ग्रामीण इलाकों में उनको अपनी ताकत आंकने का पैमाना साबित होंगे। इन नतीजों का असर अगले साल के अहम लोकसभा चुनाव पर होना तय है। यही वजह है कि चुनाव की तारीख का एलान होते ही तमाम दलों के योद्धा कमर कस कर मैदान में कूद पड़े हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में हिंसा और तेज होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। टीएमसी पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों की ओर बढ़ रहे मतदाताओं को यह संदेश देना कि टीएमसी एक ऐसी पार्टी बनी हुई है जो सड़क की लड़ाई में जीत सकती है, ममता के लिए इस समय कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उसे पंचायत चुनावों में बड़ी जीत की जरूरत है, भाजपा के खिलाफ और कांग्रेस और सीपीआई एम के खिलाफ। उसके लिए, यह सुनिश्चित करने के लिए गणना का एक अनिवार्य हिस्सा है कि 2024 में, टीएमसी अपनी खोई हुई सीटों को फिर से हासिल करे, ज्यादातर को 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी पश्चिम बंगाल के 42 संसदीय क्षेत्रों में प्रभावशाली संख्या में सीटें जीते बिना, ममता जानती हैं कि अगर एकीकृत विपक्ष भाजपा को हराने में सफल हो जाता है तो वह हल्की होंगी।

यह शक्ति और नियंत्रण का नुकसान है जिसे वह पश्चिम बंगाल के भीतर टीएमसी के प्रतिद्वंद्वियों को कोई रियायत देकर स्वीकार करने को तैयार नहीं है। जहाँ कांग्रेस विधान सभा शून्य व लोकसभा में 2 सदस्य है उसे 2024 के चुनाव में टीएमसी से गठबंधन करके क्या मिलेगा । ऐसी हालत में 21 जून को होने वाली विपक्षी एकता की हवा अभी से निकलती दिख रही है ।

# लव जिहाद और गजवा ए हिंद

वीरेंद्र सिंह परिहार

**विगत** कुछ वर्षों से पूरे देश में लव जिहाद जैसे शब्द की चर्चा पूरे देश में है. असलियत में लव और जिहाद दोनों एक दूसरे के विरोधी शब्द हैं लेकिन मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की दृष्टि में यह शब्द पूरी तरह जायज है. इसके माध्यम से मुसलमानों द्वारा अपनी पहचान छिपाकर या यूं कहिए कि अपने को हिंदू बता कर हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फाँसा जाता है, इसके बाद उनका शारीरिक शोषण किया जाता है और जब विवाह की बात आती है तो ऐसी लड़कियों को इस्लाम स्वीकार करने के लिए कहा जाता है और यदि वह इसके लिए तैयार नहीं होती तो अधिकांश मामलों में उनकी हत्या कर दी जाती हैं. कहा जाता है कि देश में गजवा ए हिंद लाने के लिए यानी देश को मुस्लिम बहुल बनाने के लिए प्रकारांतर से इसे इस्लाम से मान्यता प्राप्त है.

स्थिति की भयावहता के चलते बरसों पूर्व कई भाजपा शासित राज्यों में लव जिहाद जैसी धोखाधड़ी और प्रायोजित अभियान के चलते कठोर कानून बनाए गए पर इसको लेकर भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों द्वारा व्यापक विरोध किया गया. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो इसे भाजपा का देश को बांटने वाला कदम बता दिया था. असदुद्दीन ओवैसी ने तो यह सवाल खड़ा कर दिया कि भला लव और जिहाद दोनों एक साथ कैसे हो सकते हैं? यह सवाल तो ओवैसी को अपने जैसे उन मुस्लिम कट्टरपंथियों से पूछना चाहिए जो भारत को निजाम ए मुस्तफा में बदलना चाहते हैं और उसके लिए लव जिहाद का भी एक उपकरण बतौर उपयोग कर रहे हैं पर यह दोनों एक साथ हैं क्योंकि यह एक तरह का लव के नाम पर जिहाद ही है.यह कानून छल कपट और धोखाधड़ी के खिलाफ था और प्रताड़ित लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए लाया गया था पर मुस्लिम परस्त लोग इसे मुस्लिम विरोधी कदम प्रचारित कर रहे थे जबकि यह कानून सभी धर्मों और पंथोपर समान रूप से लागू होता है.

यह कानून अलग-अलग समुदाय के पुरुष एवं स्त्री होने के चलते विवाह पर कहीं रोक नहीं लगाता. यह तो अपने पंथ या मजहब को छुपाकर या अपनी पहचान छुपा कर जब जब कोई लव जिहाद के इरादे से कार्य करता है, यानी धोखाधड़ी जैसा आपराधिक कृत्य करता है तभी प्रभावशील होता है. सच्चाई यह है कि जैसे सीएए कानून का विरोध हुआ था, उसी तरह से इसका भी हुआ जबकि सीएए में भी पीड़ित और प्रताड़ित लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान किया गया था. लव जिहाद को लेकर आए दिन ऐसे ऐसे प्रकरण सामने आते रहते हैं कि लोगों की अंतरात्मा हिल जाती है जाती है. पिछले महीनों दिल्ली का श्रद्धा वालकर नाम की लड़की को आफताब नाम के युवक ने कैसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर हड्डियां जंगलों में फेंकी थी, इसे पूरे देश ने साक्षात देखा था. पूरे देश की तरह मध्य प्रदेश का विंध्य प्रदेश क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है.यद्यपि इस क्षेत्र में मुस्लिम जनसंख्या उतनी प्रभावी नहीं है, इसलिए इस क्षेत्र में यह विभीषिका उतनी प्रभावी नहीं है. फिर भी बीच-बीच में ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं. वर्ष 2021 में रीवा केचोरहटा थाना के अंतर्गत आलम खान नाम के एक मुस्लिम ने आलम सिंह बनकर शादी का झांसा देकर एक युवती से लंबे समय तक बलात्कार किया. बाद में वह उस युवती को कानपुर ले गया, जहां पर उसकी धार्मिक गतिविधियों को देखकर युवती के पैरों के तले जमीन खिसक गई और वह किसी तरह से जान बचाकर रीवा पहुंची. जहां पर चो रहटा थाने में पुलिस ने बलात्कार एवं धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2020 के तहत मामला दर्ज किया. इसी तरह से सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अफजल खान नाम के व्यक्ति ने राज रावत बनकर युवती को पहले रान्ग डायल नंबर से फोन किया फिर अपहरण करके फतेहपुर के एक कमरे में महीनों तक बंधक बनाए रखा और 2 महीने तक लगातार दुष्कर्म किया. 1 दिन युवती ने उसके आधार कार्ड में उसका सही नाम देख लिया. किसी तरह से वह रीवा आई और पुलिस में मामला दर्ज कराया और पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया. इसी तरह से दर्द भरी दास्तान सिंगरौली की इस युवती की है जो पुलिस अधिकारी बनने का सपना लेकर भोपाल आई थी. अपनी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए वहीं एक बाइक शोरूम में नौकरी भी करती थी जहां उसकी रायसेन के रहने वाले खलील से जान पहचान हुई. उसने दूषित इरादे से युवती की मददगार बनने का नाटक किया.वहजब भी आता, युक्ति के लिए गिफ्ट लेकर आता.संबंध प्रगाढ़ हो जाने पर उसने युवती को हॉस्टल से तलैया थाने के पास एक किराए के मकान में शिफ्ट करा दिया.

# शिक्षा की अलख था चरवाहा विद्यालय

अम्बुज कुमार

**देश** को आजादी मिलने के बाद सभी को ऐसा लगा कि संविधान में प्रदत समानता, स्वतंत्रता के अधिकारों के बदौलत समाज के सभी तबकों का शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन बिल् कुल ही आसानी से हो जाएगा, लेकिन सरकारों की उदासीन रवैया, अर्थव्यवस्था की मंदी, समय-समय पर होने वाले युद्ध आदि कारणों से समाज के हाशिए पर रह रहे लोगों के जीवन में वांछनीय परिवर्तन नहीं हो सका। यही कारण रहा कि बिहार में 1990 तक वंचितों, दलितों पिछड़ों के बच्चे लगभग शिक्षा से महरूम रहे। इन लोगों में स्पष्ट धारणा थी कि पढ़ने लिखने से कोई फायदा नहीं है। खेती बारी, गाय भैंस चराने से बच्चों को आगे किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।यही कारण था कि इनके अभिभावक अक्सर अपने बच्चों को अपने साथ काम पर ही लगाए रखते थे और स्कूल नहीं भेजते थे। उस दौर में काम करने वाले शिक्षक बताते हैं कि सवर्ण तबकों के सभी बच्चे और पिछड़े तबकों के कुछ ही बच्चे विद्यालय नियमित तौर परआते थे।अक्सर वे लोग वंचितों के बच्चों को घर जाकर बुला कर लाते थे और पढ़ाने की जबरन कोशिश करते थे,लेकिन फिर भी परिणाम बेहतर नहीं मिलता था।इसको लेकर उस दौर के शिक्षक भी चिंतित रहते थे। 1990 में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद लालू प्रसाद यादव ने गहन विचार-विमर्श उपरांत वंचितों के बच्चों को उनके नैसर्गिक वातावरण में ही पढ़ाने का निश्चय किया।इसके लिए उन्होंने विभागों में मंत्रणा एवं शिक्षाविदों से राय मशविरा कर चरवाहा विद्यालय स्थापित करने का निश्चय किया।

चरवाहा विद्यालय पठन-पाठन का एक प्राकृतिक स्थल था।वहां नैसर्गिक वातावरण में वंचित तबकों के बच्चों को खेती-बाड़ी,पशुपालन का कार्य करते हुए पढ़ाने लिखाने के प्रति रुचि जगाई गई। उल्लेखनीय है कि यह मात्र प्रतीकात्मक व्यवस्था थी। उन बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए यह प्रयोग किए गए थे। 1991 से 95 के बीच राज्य के सब से वंचित तबके मुसहर टोली में 354 इस प्रकार के विद्यालय खोले गए। यहां बच्चों के साथ साथ शिक्षक भी आते थे।इन बच्चों की भैंस और गाय मैदानों में चरती रहती थी।

## वाटर कूलर दान देने पर सीएमएस ने जताया आभार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के गणमान्य लोगों ने बच्चों के जन्म होने पर संयुक्त जिला चिकित्सालय को एक नया वाटर कूलर दान दिया। बच्चे की पहली वर्षगांठ पर वाटर कूलर दान देने पर सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंगलवार को भीषण गर्मी में मरीजों और तीमारदारों को पीने को शुद्ध शीतल जल मिल सके, इसके मद्देनजर जिला अस्पताल में बच्चे के प्रथम वर्षगांठ पर गणमान्य नागरिक ने वाटर कूलर दान दिया। संयुक्त जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा ने दम्पति का आभार जताया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इसी प्रकार जिला अस्पताल का लोग ध्यान रखें तो ये अस्पताल एक आदर्श अस्पताल बन जायेगा।

## तहसीलों में 23 जून तक किसान करायें समस्या का समाधान: राजकुमार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपकृषि निदेशक राजकुमार ने किसानों से कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में पात्र किसानों को योजना का लाभ मिले। इसके तहत प्रत्येक तहसील में 13 से 23 जून तक पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तीकरण शिविर लगाया जा रहा है।

मंगलवार को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने को समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा। ऐसे लाभार्थी किसान हैं, जिनका भूलेख अंकन, ई-केवाईसी, ओपेन सोर्स पंजीकरण सत्यापन, आधार फीडिंग न होने से शेष हैं। जो किसान भाई पीएम किसान योजना में पात्र हैं, उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा या योजना के लाभ से वंचित हैं। ऐसे किसान अपने तहसीलों में आयोजित शिविर में आधार कार्ड, बैंक खाता, खतौनी, राशन कार्ड की एक प्रति लेकर समस्याओं का समाधान करायें।

उन्होंने किसानों से कहा कि जिन किसानों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, उनको आगामी किशत नहीं मिलेगी। किसान भाई अपने तहसीलों के कैम्प में जाकर अपना ई-केवाईसी अवश्य करायें, ताकि समय से आगामी किशत मिल सके।

## मथुरा एनआईआरएफ: जीएलए विवि ने देशभर में टॉप 50 में पाया स्थान

**मथुरा। नेशनल इंस्टीट्यूशनल** रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग में जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा ने इनोवेशन श्रेणी में देश की सभी निजी और सरकारी यूनिवर्सिटीज में टॉप 50 में स्थान प्राप्त किया है।

इस रैंक की प्रमाणिकता दशार्ती है। कि जीएलए विवि न्यूजेन आईईडीसी, ई-सेल, आईआईसी और स्पार्कएल (टीवीआई के माध्यम से छात्रों के बीच इनावेशन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। वहीं देश के 54वीं रैंक हासिल की है। जबकि विश्वविद्यालय में जीएलए पिछले वर्ष 69वीं रैंक थी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार एनआईआरएफ रैंकिंग टॉप 50 की सूची में नाम दर्ज करवाकर जीएलए विवि. निजी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में शीर्ष 12 में शामिल हो गया है। यह रैंक देश के निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों में छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच इनोवेशन और उद्यमिता विकास से संबंधित उत्कृष्ट जीएलए के फामेर्सी विभाग ने भी कार्य करने के लिए प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय में जीएलए इंक्यूवेशन सेंटर के माध्यम से 41 स्टार्टअप की शुरूआत हो चुकी है। इसमें से 10 विभिन्न राज्यों में तथा 37 विद्यालय से ही जुड़कर बेहतर सेवाएं दे रहे हैं। कुलाधिपति नारायणदास अग्रवाल ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय में अब तक 122 इनोवेटिव तैयार किए जा चुके हैं। अब भी 41 स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें 15 से अधिक टीमें अपना रजिस्ट्रेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में करा चुकी है। जीएलए में कार्यरत स्टार्टअप टीम को ट्रेडमोलेन ई-साइकिल प्रा.लि, फूड़वागोन प्रा.लि, साइवर इमपोस्टर्स ने आर्थिक सहायता दी है। इनके अलावा पिछले 5 वर्षों में विश्वविद्यालय ने 430 पेटेंट दायर किए हैं, जिनमें से 400 प्रकाशित हो चुके हैं और 40 स्वीकृत हो गए हैं।

जीएलए इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने विश्वविद्यालय को मिली उपलब्धि पर कहा कि एनआईआरएफ इनोवेशन रैंकिंग भारत में नवाचार और उद्यमशीलता परिस्थितिकी तंत्र के आधार पर अकादमिक संस्थानों को रैंक करती है। कुलाधिपति ने इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता, प्रतिकुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, टीम में शामिल वरिष्ठ प्रबंधक रवि तिवारी, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक प्रताप गौतम सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों के प्रयासों को सराहा है।

## पति की हत्या कर भागी बिहार की महिला कानपुर में गिरफ्तार

**कानपुर। पति** की हत्या करने के बाद नाबालिग बेटी के साथ बिहार से भाग कर आई महिला को आज यहां सोमवार को जीआरपी ने सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया।

आज सोमवार को यहां जीआरपी द्वारा पकड़ी गई इस महिला ने पति की हत्या की घटना को पंजाब के मोहाली में सेक्टर नंबर 78 स्थित फ्लैट में बीते 10 जून को अंजाम दिया था जिसके बाद आज वह बिहार स्थित बांका के अमरपुर जा रही थीं तभी बिहार पुलिस ने कानपुर के जीआरपी को इसकी सूचना दे दी और उसने सेंट्रल स्टेशन से महिला और उसकी नाबालिग बेटी को हिरासत में ले लिया।

इस घटना की वजह महिला के पति यानी बेटी के पिता द्वारा उसकी नियत खराब होने के फलस्वरूप नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार का प्रयास किए जाने से जुड़ी बताई गई है।

बताया गया कि नाबालिग बेटी की इज्जत पर पति की ही नीयत खराब होने पर पत्नी ने उसका कत्ल कर दिया। इसके बाद बेटी समेत भाग निकली।

## शिक्षक अब आश्वासन नहीं हल चाहता है

**आगरा। बेसिक** शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार से किसी तरह का अब आश्वासन नहीं वल्कि हल चाहिए इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अब संगठन संघर्ष समिति बनाकर जिला, मण्डल व प्रदेश स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति न केवल बना चुका है अपितु उसे क्रियान्वित करने की डगर पर चल पड़ा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह यादव ने बताया कि सरकार और विभागीय अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं को कम तबज्जो दे रहे हैं। सिर्फ आश्वासनों देते हैं और समस्या का हल नहीं करते मगर अब आश्वासन नहीं हल चाहिए इसके लिए शिक्षक संघ संघर्ष की तैयारी में है।

# महासम्पर्क अभियान में टिफिन बैठक में बढ़ा भाईचारा

## रैनबसेरा भजन संध्या स्थल में हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल पूरे होने पर महासम्पर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक भजन संध्या रैन बसेरा सीतापुर में की।

मंगलवार को हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि ऐसी बैठकों से कार्यकताओं में भाईचारा बढता है। केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश अनुसार पीएम मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर टिफिन बैठक में नौ वर्षों में भारत ने विकास में दिन- प्रतिदिन तरक्की की है। मोदी ने जनकल्याण की योजनाएं चलाई हैं, जो आमजनता के हित में है। बैठकर भोजन करने से आपसी मतभेद दूर होते हैं। समय-समय पर इस ढंग के आयोजन परिवार और पार्टी में होते रहने चाहिए। कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन लाये थे। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अनुभव और जोश से मिलकर मजबूत संगठन बनता है।

पूर्व सांसद भैरो मिश्रा ने कहा कि टिफिन बैठक में कार्यकताओं का



उत्साह देखने को मिला। सबने साथ बैठकर टिफिन को आपस में समरसता के भाव से भोजन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर कीर्तिमानों को स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक रामबाबू गुप्ता ने सभी कार्यकताओं का आभार जताया।

इस मौके पर जिला महामंत्री राजेश जयसवाल, अश्वनी अवस्थी, बृजेश पांडे, दिनेश तिवारी, पंकज अग्रवाल, शिवशंकर सिंह, डॉ रणवीर सिंह चैहान, दिनेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आनंद पटेल, श्रवण पटेल, रमाकांत पांडे, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, शकुंतला गुप्ता, हेमंत सिंह, जगदीश गौतम, मदन गोपाल शुक्ला, देव त्रिपाठी, हबीब खान, सुशील द्विवेदी, सुरेश अनुरागी, सुखेंद्र सिंह, संजय पांडे, मनोज कुशवाहा, शिवाकांत पांडे, राम सागर चतुर्वेदी, विनोद पांडे, रामरतन प्रजापति, हीरो मिश्रा, शिव प्रसाद जयसवाल, राखी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या

## हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव के कलेक्टेज्ट के एक कर्मचारी ने अपनी पत्नी सुनीता (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

हत्या की ये घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में मंगलवार को हुई। बताया गया कि कलेक्टेज्ट के एक कर्मचारी उमेश पटेल के कई महिलाओं से अवैध संबंधों के शक को लेकर पत्नी सुनीता देवी से आये दिन विवाद होता था। आज भी पत्नी ने पति पर दूसरी महिलाओं से मिलने का आरोप लगाया तो वह तैस में आकर पत्नी सुनीता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर



हत्या कर दी।

हत्या के बाद मायके पक्ष के मृतका के भाई सुनील कुमार पटेल पुत्र राजकुमार निवासी खरहा थाना नयागांव मप्र को सूचना मिली तो उन्होंने पति पर गोली मारकर हत्या का आरोप लगाया। बताया कि उमेश के कई महिलाओं से अवैध संबंध थे। सुनीता की शादी को बीस वर्ष हो चुके हैं। पति के अवैध संबंधों के चलते आए दिन पत्नी से विवाद होता था। इसे लेकर मायके वाले समझा-बुझाकर ससुराल भेज देते थे। पति उमेश पटेल रिश्तेदारों से कहता था कि वह पत्नी की हत्या करके दूसरी शादी कर लेगा। इसके चलते उसने ये घटना अंजाम दे दी। मायके वालों के ये भी आरोप हैं कि आए दिन उमेश पत्नी को मारता-पीटता था। सुनीता को समझा-बुझाकर हर बार ससुराल भेज देते थे। सुनीता की दो पुत्रियां व एक पुत्र है। 12 वर्षीय पुत्री काजल मामा ये यहां कल चली गई थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मायके पक्ष की तहरीर पर भरतकूप थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द, वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही विकास कुमार व मयंक तिवारी शामिल रहे।

# ढाई सौ जोडों के विवाह के लक्ष्य को करें पूरा: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी खंड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में 250 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 26 जून को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में होना है।

मंगलवार को जिलाधिकारी



अभिषेक आनन्द ने कहा कि विकासखंड कर्वी 50, मऊ 47, रामनगर 30, मानिकपुर 43, पहाड़ी 55, नगर पालिका परिषद कर्वी दस, नगर पंचायत मानिकपुर पांच, नगर पंचायत राजापुर एवं नगर पंचायत मऊ पांच का लक्ष्य निर्धारित है। निर्देश दिया कि योजना का बडे पैमाने पर प्रचार कर इच्छुक जोड़ों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तहसील, विकासखंड, नगर पालिका, नगर पंचायत में आने वाले पात्रों को चिन्हित कर पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप पर सूचना कन्या के बैंक खाते की स्पष्ट छायाप्रति समेत अनिवार्य रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 19 जून तक उपलब्ध करा दें, ताकि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष मेगा इवेंट के रूप में 26 जून को सामूहिक विवाह हो सके। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न होने पाए। ये योजना मुख्यमंत्री की विशेष प्राथमिकता में से एक है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# पत्रकार अखिलेश दीक्षित को मिला भागीरथ सम्मान

## लखनऊ में पूर्व सीएम ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लखनऊ में हुए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के चिंतन शिविर में जिले के युवा पत्रकार अखिलेश दीक्षित को भागीरथ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रदेश की राजधानी में गांधी भवन प्रेक्षागृह में महासंघ की प्रांतीय कार्यसमिति के हुए समारोह से लौटे अखिलेश ने बताया कि इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संगठन की मांगों को शासन से पूरा कराने का भरोसा दिया। डॉ शर्मा ने पत्रकारों के वाहनों को टोल




प्लाजा पर निःशुल्क इंट्री, पत्रकार सम्मान निधि आदि मांगों को उचित ठहराया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर पूर्व मंत्री व सदस्य विधान परिषद यशवंत सिंह, आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश द्विवेदी व विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चैधरी आदि ने भी पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की। समारोह की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने की। संचालन प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह ने किया। अखिलेश ने बताया कि इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, जिला प्रेस स्थायी समिति, विज्ञापन/मान्यता समितियों में प्रतिनिधित्व देने, जीवन निर्वाह भत्ते में नियम व शर्तों को सरल करने आदि की मांगें शामिल हैं।

# चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो की बाबत पुलिस ने समझाया

## महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करने की गरज से जारी अभियान मिशन शक्ति के तहत महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने चन्द्रगहना गांव के पंचायत भवन में महिला चैपाल में जागरूक किया।

मंगलवार को कर्वी ब्लाक के चन्द्रगहना गांव में महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह भदौरिया ने महिला चैपाल में महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी




विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। बताया कि 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में बताया। उन्हें जागरूक कर शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों बाबत पम्पलेट बांटे। महिलाओं-बालिकाओं से कहा कि उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस को जानकारी दें। चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो ताकि उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। महिलाओं-बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच के बारे में विस्तार से बताया। अक्सर छोटे-छोटे बच्चे बैड टच को समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## दम्पति के विवाद को महिला थाना ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना की पुलिस टीम ने परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।मंगलवार को कर्वी की श्रीमती आरती त्रिपाठी पुत्री वीरेन्द्र कुमार पटेरिया ने महिला थाना को सौंपे पत्र में कहा कि पति सिद्धार्थ त्रिपाठी पुत्र सरजू त्रिपाठी निवासी उरई जालौन उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से पारिवारिक दायित्यों का सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहीं।

## पेयजल संकट: भीषण गर्मी में पानी को भटक रहे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** भीषण गर्मी में पाठा क्षेत्र में पेयजल की किल्लत को लेकर तमाम गांवों के लोग परेशान हैं। पानी की कम आपूर्ति से जहां जल भंडारण टैंक सूख रहे हैं, वहीं कई स्थानों पर घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। मंगलवार को पाठा क्षेत्र के तमाम गांवों में लोग पेयजल को भटक रहे हैं। कई किलोमीटर दूर से सिर पर पानी की बाल्टियां ला रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी की मांग ज्यादा होने से लोग नहरों व खड्डों से पानी की कमी पूरी कर रहे हैं। नहरों व खड्डों में भी पानी नहीं मिल रहा। कई गांवों में जलभंडारण टैंक सूख गए हैं। तीसरे व चैथे दिन पानी की आपूर्ति हो रही है। लोग समस्या समाधान को उपायुक्त व जलशक्ति विभाग के कार्यालय पहुंच रहे हैं। बराहमाफी के दाड़ी कोलान, करौहा के मजरा गोपीपुर, रामपुर कल्याण का कल्याणगढ़, बधवा, कोलान, रानीपुर, ऐलहा में लाखों की आबादी है। यहां के लोगों को पेयजल मुहैया करवाने को जलशक्ति विभाग ने विभिन्न पेयजल योजनाएं संचालित की हैं, लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है।




## चार केंद्रों पर 1600 परीक्षार्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को जिले में होगी। चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में सभी चार केंद्रों पर 1600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षायें कराने को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

मंगलवार को बैठक में डीएम ने सभी केंद्र व्यस्थापकों से कहा कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को परीक्षा केंद्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी व गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज में होगी। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के रखरखाव आदि की व्यवस्था कराएं। चित्रकूट इंटर कॉलेज में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सवेरे नौ से 12 बजे तक व द्वितीय पाली अपरान्ह दो से पांच बजे तक होंगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि में कोई भी दुकान न खुली रहे। परीक्षार्थियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन से की जाए।

डीएम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल व प्रश्नपत्र लाने व ले जाने को पर्याप्त बल की व्यवस्था कराएं। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, अपर एसडीएम रामजन्म यादव, सतीश चंद्र, शना अख्तर मंसूरी, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, डॉ राजेश कुमार पाल, प्रो एस कुरील व विनय कुमार चैधरी आदि मौजूद रहे।

## 19 को होगी टाटा सूमो की नीलामी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीलाम अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर निष्प्रयोज्य शासकीय टाटा सूमो गोल्ड नंबर यूपी 96 जी 0099 एवं यूपी 96 जी 0100 की नीलामी 19 जून को अपरान्ह तीन बजे अपर जिलाधिकारी के कार्यालय में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं से कहा है कि निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों की बोली में निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर हिस्सा ले सकते हैं। नीलामी संबंधी जानकारी को किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट नजारत से जानकारी ली जा सकती है।

## बीजिंग में नेपाल असेंबली के अध्यक्ष तिमिल्सिना मिले चीनी पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष लाची से

**काठमांडू।** नेपाल की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना ने बीजिंग में चीनी पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष चाओ लाची से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों की विधायी संस्थाओं के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।



बताया जाता है कि नेपाल और चीन ने विकास और समृद्धि के क्षेत्र में मिलकर आगे बढ़ने के क्षेत्रों पर भी चर्चा की है। लाची ने ट्रांस हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क को विकसित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण की भी बात की। उन्होंने वैश्विक सुरक्षा पहल और वैश्विक सभ्यता पहल में भाग लेने के लिए नेपाल का स्वागत किया। तिमिल्सिना इन दिनों छह सांसदों और दो अन्य लोगों के साथ चीन के दौरे पर हैं।

## जर्मनी के आसमान में गरज रहे 250 लड़ाकू विमान, नाटो के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू

**बर्लिन।** जर्मनी के आसमान पर इस समय 250 लड़ाकू विमान गरज रहे हैं। नाटो के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। युद्धाभ्यास 'एयर डिफेंडर-2023' का समापन 23 जून को होगा। नाटो के इस युद्धाभ्यास को रूस के खिलाफ सबसे बड़ी जंगी तैयारी माना जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में 25 देशों के करीब 10,000 सैनिक और 250 विमान हिस्सा ले रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस दौरान यह सैनिक और विमान रूस पर छद्म हमले का अभ्यास करेंगे। इस युद्धाभ्यास के लिए अकेले अमेरिका ने 2000 एयर नेशनल गार्ड और लगभग 100 विमानों को भेजा है। इस 'एयर डिफेंडर-2023' में गैर नाटो देश स्वीडन और जापान के लड़ाकू विमान भी हिस्सा ले रहे हैं।



युद्धाभ्यास के आयोजन के प्रमुख भागीदार जर्मन वायुसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इंगो गेरहार्ट्ज ने कहा कि यह अभ्यास एक संकेत है। हमारे लिए सबसे ऊपर अपने नागरिकों की रक्षा है। नाटो देशों के लिए हम जल्द प्रतिक्रिया देने की स्थिति में हैं। ऐसे अभ्यासों से हम हर लिहाज से गठबंधन का बचाव करने में सक्षम होंगे। गेरहार्ट्ज ने कहा कि उन्होंने 2018 में अभ्यास का प्रस्ताव दिया था, लेकिन तब के किसी न किसी वजह से अभ्यास टलता रहा और इसे अब आयोजित किया जा रहा है।

## नेपाल के स्वर्गद्वारी में कार हादसे में 8 तीर्थयात्रियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के स्वर्गद्वारी मंदिर से लौट रहे 8 तीर्थयात्रियों की एक कार हादसे में मौत हो गई है। हुए इस हादसे के मृतकों में चार बच्चे भी हैं। प्यूठान जिला पुलिस प्रवक्ता सुशील थापा ने बताया



कि कार के अनियंत्रित होकर सड़क से 50 मीटर नीचे गिरने से सभी यात्रियों की मौत हो गयी। स्वर्गद्वारी पश्चिमी नेपाल में एक पवित्र तीर्थ स्थल है। हर साल नेपाल और भारत से लाखों तीर्थयात्री स्वर्गद्वारी आते हैं।

## मरियम नवाज का इमरान पर निशाना, एक रिक्शे में आ जाएगी पूरी पार्टी

**लाहौर।** सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेता मरियम नवाज ने पीटीआई प्रमुख व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर तंज कसते हुए कहा है कि व्यापक पैमाने पर लोगों के पीटीआई छोड़ने के बाद जल्द उनकी पूरी पार्टी एक रिक्शा में आ जाएगी। मरियम का यह बयान नौ मई को हुई हिंसा के मामले के बाद पीटीआई से बड़े पैमाने पर दलबदल के बाद आया है।

पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम ने पंजाब प्रांत के शुजाबाद में रविवार को एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आज वह (खान) पार्टी के अध्यक्ष, महासचिव, मुख्य आयोजक और प्रवक्ता खुद हैं और अपनी पार्टी के एकमात्र उम्मीदवार भी। उन्होंने रिक्शा का जिक्र करते हुए कहा कि नौ मई





की हिंसा के मद्देनजर दलबदल के बाद अब पूरी विपक्षी पार्टी किंग की रिक्शा में फिट हो सकती है।

पिछले महीने अर्धसैनिक बल के रेंजरों द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था या आग लगा दी गई थी। खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

मरियम ने कहा कि खान ने अपने 26 साल के तथाकथित राजनीतिक संघर्ष की बात की है। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं कि उनके 26 साल के लंबे संघर्ष को खत्म होने में केवल 26 मिनट लगे। अब वह जमान पार्क में अकेले बैठेंगे और उन्हें छोड़ने वाले सभी नेता जहां से आए थे, वहीं चले गए। तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने कहा, इमरान खान ने (पिछले साल अप्रैल में) संसदीय अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से हटाए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना को अपनी इच्छा के अनुरूप घुटने टिकवाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिश विफल रही और अब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिलवियो बर्लुस्कोनी का 86 साल की उम्र में निधन

**रोम।** तीन बार इटली के प्रधानमंत्री रहे सिलवियो बर्लुस्कोनी का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। पूर्व प्रधानमंत्री बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और तमाम आरोपों में भी घिरे रहे। बर्लुस्कोनी 1994 से लेकर 2011 तक तीन बार इटली के प्रधानमंत्री रहे। सबसे पहले बर्लुस्कोनी साल 1994 में इटली के पीएम बने। उसके बाद वह 2001 से 2006 तक इटली के पीएम रहे। 2008 में फिर से उन्होंने सत्ता में वापसी की, लेकिन 2011 में कर्ज संकट के चलते इस्तीफा देना पड़ा और वह राजनीति से भी दूर हो गए। हालांकि, 2017 में उन्होंने फिर से सक्रिय राजनीति में एंट्री ली थी। बीते छह हफ्तों से मिलान के एक अस्पताल में बर्लुस्कोनी का इलाज चल रहा था। वर्ष 1936 में इटली के मिलान शहर में जन्मे सिलवियो बर्लुस्कोनी इटली के सबसे बड़े कमर्शियल ब्रॉडकास्टर मीडियासेट के मालिक थे। वह मशहूर फुटबॉल क्लब एसी मिलान के भी मालिक रहे। बर्लुस्कोनी वर्ष 2012 में एक टैक्स में धांधली के आरोप में भी फंसे थे। इटली की राजनीति में सिलवियो बर्लुस्कोनी को किंगमेकर माना जाता था और अपने राजनीतिक करियर के चरम पर वह इटली की सत्ता के केंद्र में रहे।



## सम्मान सूची विवाद : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने बोरिस जॉनसन पर साधा निशाना

**लंदन।** सम्मान सूची विवाद को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन की अलोचना की। वहीं ब्रिटेन की एक संसदीय समिति इस बात की जांच पूरी करने के लिए बैठक कर रही है कि क्या तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने कार्यालय में उन पार्टियों को लेकर सांसदों को गुमराह किया, जिनसे कोविड-19 लॉकडाउन प्रतिबंधों का उल्लंघन हुआ। जॉनसन की सम्मान सूची को लेकर लंबे समय तक विवाद रहा। इस सूची में उन लोगों के नाम थे, जिन्हें जॉनसन सम्मानित करना चाहते थे। जॉनसन की सम्मान सूची, प्रधानमंत्री के रूप में इस्तीफा देने के नौ महीने बाद स्वीकृत हुई जिसमें 8 सम्मान और सात पीयर्स की उपाधि शामिल है। इस्तीफा के समय सम्मान सूची तैयार करना एक परंपरा है, जिससे निवर्तमान प्रधानमंत्री को सम्मान के लिए लोगों को नामित करने की अनुमति मिलती है।



प्रधानमंत्री के रूप में पद छोड़ते समय जॉनसन को हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सीटों के लिए और नाइटहुड जैसे अन्य सम्मानों के लिए लोगों को नामांकित करने का अधिकार प्राप्त था। परंपरा के अनुसार, वर्तमान प्रधानमंत्री हाउस ऑफ लॉर्ड्स अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एचओएलएसी) को नामांकित व्यक्तियों की सूची सौंपते हैं।

पीयर्स की सूची में जॉनसन के कई नामांकित व्यक्ति शामिल नहीं थे। इसके प्रकाशन के ठीक तीन घंटे बाद, जॉनसन ने शुक्रवार देर रात कंजरवेटिव पार्टी के सांसद के रूप में पद छोड़ दिया और सुनक पर निशाना साधा।

अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में, सुनक ने सोमवार को जॉनसन पर आरोप लगाया कि उन्होंने एचओएलएसी को नजरअंदाज करने और खारिज किए गए नामांकित व्यक्तियों को मंजूरी देने को कहा। सुनक ने कहा कि जॉनसन ने उनसे उनकी सिफारिशों को अस्वीकार करने या उन लोगों से वादे करने के लिए कहा। हालांकि, सुनक ने कहा कि उन्होंने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह कुछ ऐसा था जिसे मैं करने के लिए तैयार नहीं था। उन्होंने लंदन में प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि मैं ऐसा करने के लिए तैयार नहीं था, मुझे नहीं लगता कि यह सही था। अगर लोगों को यह पसंद नहीं है, तो मुश्किल है।

## अमेरिका 10 साल बाद फिर से यूनेस्को में होगा शामिल, 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बकाया भुगतान पर राजी

**पेरिस।** अमेरिका 10 साल बाद एक बार फिर से यूनेस्को में शामिल होगा और इसके साथ वह बकाया 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भी भुगतान करने के लिए राजी हो गया है। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक एजेंसी यूनेस्को ने की।

यूनेस्को द्वारा फलस्तीन को एक सदस्य के तौर पर शामिल करने के विरोध में करीब एक दशक तक चले विवाद के बाद अमेरिका का यह कदम सामने आया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वापसी का निर्णय इस चिंता से प्रेरित था कि चीन यूनेस्को नीति निर्माण में अमेरिका के न रहने से बनी जगह को भर रहा था। विशेष रूप से दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए मानक स्थापित करने के संदर्भ में। इस कदम को आने वाले हफ्तों में यूनेस्को के सदस्य राज्यों द्वारा मतदान का सामना करना पड़ेगा। लेकिन यूनेस्को के पेरिस मुख्यालय में घोषणा पर तालियों





की गड़गड़ाहट के बाद मंजूरी एक औपचारिकता लगती है। एक भी देश ने उस देश की वापसी पर आपत्ति नहीं जताई जो कभी एजेंसी का सबसे बड़ा वित्तपोषक था।

फलस्तीन को एक सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए 2011 में हुए मतदान के बाद अमेरिका और इजराइल ने यूनेस्को को धन देना बंद कर दिया। ट्रंप प्रशासन ने 2017 में इजरायल विरोधी पूर्वाग्रह और प्रबंधन समस्याओं का हवाला देते हुए इससे अगले साल एजेंसी से पूरी तरह से अलग होने का फैसला किया था। यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे एजोले ने 2017 में अपने चुनाव के बाद से उन चिंताओं को दूर करने के लिए काम किया है और ऐसा लगता है कि उनके प्रयास रंग लाया है। उन्होंने कहा, यूनेस्को के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। यह बहुपक्षवाद के लिए भी एक महत्वपूर्ण दिन है।

प्रबंधन एवं संसाधन मामलों के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के उप मंत्री रिचर्ड वर्मा ने पिछले हफ्ते यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे एजोले को फिर से शामिल होने की योजना को औपचारिक रूप देने के लिए एक पत्र दिया था। एजोले द्वारा एक विशेष बैठक में राजदूतों के समक्ष इस बारे में घोषणा करते ही यूनेस्को के सभागार में तालियां बजने लगीं और एक के बाद एक प्रतिनिधियों ने खड़े होकर फैसले तथा नए सिरे से रकम आने की जानकारी का स्वागत किया।

## सीरिया में क्रैश हुआ अमेरिकी हेलीकॉप्टर; 22 घायल

**सीरिया।** सीरिया के उत्तर-पूर्वी इलाके में रविवार को एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। क्रैश में अमेरिकी सेवा के 22 सदस्य घायल हो गए थे। अमेरिका के सेंट्रल कमांड का कहना है कि घायलों में से 10 लोगों को इलाज के लिए बाहर भेजा गया है। कमांड का कहना



है कि क्रैश किस वजह से हुआ, अभी इसकी जानकारी नहीं है। एक्सपर्ट्स कारणों की तलाश के लिए जांच कर रहे हैं। हालांकि, कमांड ने यह साफ कर दिया है कि वहां उस दिन कोई दुश्मनों की तरफ से कोई गोलीबारी भी नहीं हुई है।

बता दें, ईरान ने सीरिया में मार्च 2023 में लगातार दो हमले किए थे। इसमें अमेरिकी सैनिकों के सिर में काफी चोट आई थी।

## पाकिस्तान में नौ मई की हिंसा के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव नेशनल असेंबली में पारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी को नौ मई को हुई हिंसा मामले में शहबाज शरीफ सरकार ने एक और झटका देते दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव नेशनल असेंबली में पारित किया है। प्रस्ताव में हिंसा में शामिल राजनीतिक दल और उसके नेता के खिलाफ कड़े सैन्य कानून के तहत त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान मानवाधिकारों



का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। प्रस्ताव में कहा गया है कि सेना के पास सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के जवाब में दुनिया भर में कार्रवाई करने का अधिकार है और इसमें शामिल सभी लोगों को उनके कृत्यों के लिए पाकिस्तान सेना अधिनियम 1952 के तहत दंडित किया जाना चाहिए।

सदन में रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया और देश के शासन तंत्र को खतरे में डाला गया। उन्होंने कहा कि नौ मई के दोषियों के खिलाफ कोई नया कानून नहीं बनाया जा रहा है। नौ मई को इस्लामाबाद में अर्धसैनिक रेंजर द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए। खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था।

## कनाडा में राधे-राधे के बीच देवकीनंदन महाराज का अभिनंदन

**टोरंटो।** कनाडा की विपक्षी पार्टी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रमुख नेता पीयरे पोइलीवरे ने देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज का स्वागत कर उन्हें अभिनंदनपत्र सौंपा। टोरोंटो में कथा के दौरान हिन्दी और हिन्दू समुदाय को शांति-सद्भाव का प्रतीक बताते हुये पोइलीवरे ने कनाडा को सभी के लिये समान अवसर और सम्मान प्रदान करने वाला देश बताया। इस दौरान देवकीनंदन महाराज ने कनाडा में भारतीय छात्रों के हितों का मामला भी उनके सामने रखा। कनाडा के टोंरोटो शहर में भागवत प्रवचन कर रहे देवकीनंदन महाराज ने अप्रवासी भारतियों को देश का प्रतिनिधि बताते हुये पूरे विश्व में भारत का नाम और सम्मान ऊंचा करने की सीख दी।

कथा समापन से पूर्व हिन्दू सभा मंदिर में अप्रवासी भारतीयों से भरे कथा स्थल पर कनाडा की



कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख पीयरे पोइलीवरे पहुंचे तो राधे-राधे और जय श्रीराम की जोरदार ध्वनि से उनका स्वागत हुआ।

कनाडा के अगले प्रधानमंत्री माने जा रहे पीयरे ने व्यासपीठ को हाथ जोड़कर प्रणाम किया और सनातन धर्मावलंबियों का अभिभावदन स्वीकार किया। प्रमुख विपक्षी दल की ओर से उन्होंने देवकीनंदन महाराज को शांति संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिये अभिनंदन पत्र सौंपा। देवकीनंदन महाराज ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संक्षिप्त वार्ता में पियरे ने भारतीय छात्रों के प्रवेश सम्बंधित मामले में कंजर्वेटिव पार्टी के सहयोग का विश्वास दिलाया। बड़ी देर तक वे भक्तों के बीच बैठककर भजनों पर झूमते रहे। भक्तों को सम्बोधित करते हुये पीयरे पोइलीवरे ने कहा कि कनाडा एक ऐसा देश है जहां इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका नाम चांग है या चार्ल्स, आपका नाम सिंह है या स्मिथ, आप पॉलीव है या पटेल, यहां का प्रत्येक निवासी उज्ज्वल भविष्य का हकदार है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की तरह ही यह भी एक सार्वभौमिक संदेश है। कहा कि 'मैं हिन्दी सीखकर में अगली बार हिन्दी में बातें करना चाहूंगा।' यह शांति और प्रेम की भाषा है। पियरे ने हिन्दू सभा मंदिर में कथा के बीच चित्रों को अपने ट्वीटर हैंडल पर साझा करते हुये आभार व्यक्त किया।

## क्यूबा में स्थापित चीन के जासूसी कैंप पर अमेरिका ने जताई चिंता, कहा- ऐसी उम्मीद नहीं थी

**वाशिंगटन।** चीन के जासूसी अभियान पर व्हाइट हाउस ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने क्यूबा सरकार के प्रति चिंता जाहिर की। बता दें, चीन क्यूबा सरकार की रजामंदी से उनके देश में जासूसी अभियान को अंजाम दे रहे हैं।

**रिश्ते काफी तनावपूर्ण हैं**

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया कि चीन के साथ हमारे रिश्ते काफी तनावपूर्ण हैं। लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन चीन के साथ बात करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किर्बी ने कहा कि चीन क्यूबा से जासूसी अभियान को अंजाम दे रहा है, इसपर विश्वास नहीं होता। चीन के इस कदम से राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन की चीन यात्रा पर असर पड़ सकता है।

**चीन ने खारिज किया दावा-** एक दिन पहले ब्लिंकन ने कहा था कि चीन विदेशों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसी वजह से चीन ने क्यूबा में विस्तार कर रहा है। लेकिन बाइडन सरकार आते ही चीन अपने इन प्रयासों में थोड़ा धीमा पड़ गया। ब्लिंकन के दावे को चीन ने ही खारिज कर दिया था।

**एक दूसरे को सहयोग करते हैं-** व्हाइट हाउस में पदस्थ जॉन किर्बी, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के लिए काफी उत्सुक हैं। यहां एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि क्वाड में भारत और अमेरिका एक दूसरे को सहयोग करते हैं। हमारे बीच रक्षा साझेदारी भी काफी महत्वपूर्ण है। बता दें, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख को कम करने के लिए 2017 में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर क्वाड समूह का गठन किया।

**दुश्मनों को भी दे सकते हैं कड़ा संदेश**

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले सांसदों ने कहा था कि जिस प्रकार राष्ट्रपति बाइडेन रात्रिभोज कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान कर रहे हैं ठीक वैसे ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन एक सम्मान है। बता दें, मई की शुरुआत में दोनों सांसदों ने भारत और अमेरिका समिट की मेजबानी की थी, समिट में देश भर के नेताओं और विशेषज्ञ शामिल हुए थे। सांसदों का कहना है कि हमारे इस प्रयास से भारत-अमेरिका के रिश्तों में मजबूती तो आएगी ही साथ में हम इससे चीन को भी एक कड़ा संदेश दे सकते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।